


आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच


पेज 7 डिमांड पर इंटीमेट सीन कर सकती हूं...

वर्ष : 26 | अंक : 197 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, मंगलवार, 09 जुलाई, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

# भारत की विकास रफ्तार देख दुनिया हैरानः पीएम

## रूसी राष्ट्रपति के साथ हुई द्विपक्षीय वार्ता



**मॉस्को (एजेंसी)।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रूस के दो दिनों के दौरे पर हैं। वह सोमवार को मॉस्को पहुंचे थे जहां रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने उनका भव्य स्वागत किया था। मंगलवार को पीएम मोदी मॉस्को में भारतीय समुदाय के बीच पहुंचे। यहां उन्होंने रूस में बसे भारतीय समुदाय को संबोधित किया। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## हाथरस कांड : सीएम योगी का बड़ा एक्शन

# 6 अफसर किए सस्पेंड

## SIT ने शासन को सौंपी रिपोर्ट, बाबा को क्लीन चिट

**लखनऊ (एजेंसी)।** हाथरस हादसे के मूल कारणों और लापरवाही उजागर करने के लिए





गठित की गई एसआईटी ने 855 पेज की अपनी रिपोर्ट शासन को सौंप दी है। रिपोर्ट मिलने के बाद उप्र के मुख्यमंत्री योगी ने बड़ी कार्यवाही करते हुए सिकन्द्राबाद के एसडीएम, सीओ सहित 6 अधिकारियों को सस्पेंड कर दिया है। वहीं हाथरस काण्ड के बाद सुर्खियों में छाए नारायण साकार हरि उर्फ भोले बाबा को एसआईटी रिपोर्ट में क्लीन चिट दी गई है। शासन ने रिपोर्ट के बाद सिकन्द्राबाद के एसडीएम रविन्द्र कुमार, तहसीलदार सुशील कुमार, सीओ सिकन्द्राबाद आनंद कुमार, कचौरा चौकी प्रभारी मनवीर सिंह व पोरा के चौकी प्रभारी बृजेश पांडे व सिकन्द्राबाद एसएचओ आशीष कुमार को सस्पेंड कर दिया है।वादार-आयोजक इस पूरे घटनाक्रम के लिए जिम्मेदार ठहराए गए हैं।दो जून की दोपहर हुए इस हादसे के बाद ही मुख्यमंत्री स्तर से एसआईटी जांच का आदेश जारी किया गया था। एसआईटी ने 132 लोगों के बयान दर्ज किए।

विश्वस्त सूत्र बताते हैं कि फिर घटनास्थल पर ही घटना के चंद समय पहले और घटना के बाद के साथ-साथ घटना के समय के सर्विलांस के जरिये बीटीएस टावर की लोकेशन ली गई।

हाथरस के सिकंदराराऊ में बीते दो जुलाई को सत्संग के दौरान घटित दुर्घटना के तत्काल बाद गठित एडीजी जोन आगरा और मंडलायुक्त अलीगढ की एसआईटी ने 2, 3 और 5 जुलाई को घटनास्थल का निरीक्षण किया था। जांच के दौरान कुल 125 लोगों का बयान लिया गया, जिसमें प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के साथ आम जनता और प्रत्यक्षदर्शियों का बयान भी लिया गया।

इसके अलावा, घटना के संबंध में प्रकाशित समाचार की प्रतियां, स्थलीय विडियोग्राफी, छायाचित्र, विडियो क्लिपिंग का संज्ञान लिया गया। एसआईटी ने प्रारंभिक जांच में चश्मदीद गवाहों व अन्य साक्ष्यों के आधार पर दुर्घटना के लिए कार्यक्रम आयोजकों को मुख्य रूप से जिम्मेदार माना है। (शेष पृष्ठ-3 पर)

### हाथरस भगदड़ की सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई



सुप्रीम कोर्ट में होगी हाथरस भगदड़ मामले की सुनवाई, सीजेआई ने याचिका सूचिबद्ध करने के निर्देश दिए।सुप्रीम कोर्ट ने हाथरस भगदड़ मामले की जांच की मांग करने वाली जनहित याचिका पर सुनवाई की तारीख दे दी है। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने बताया कि उन्होंने सोमवार को याचिका को सूचिबद्ध करने के निर्देश दिए। बता दें कि उत्तर प्रदेश के हाथरस में दो जुलाई को भोले बाबा के सत्संग में भगड़द मच गई, जिसमें 121 लोगों की मौत हो गई। भगदड़ की जांच के लिए शीर्ष अदालत के सेवानिवृत्त जज की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय समिति की नियुक्ति की मांग की गई है।

# विवाहिता व बेरोजगार युवक ने की आत्महत्या

**नोएडा (चेतना मंच)।** भंगेल में पति से विवाद होने के बाद महिला ने फांसी लगाकर जान दे दी। वहीं हरौला गांव में एक बेरोजगार युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक ने अपनी मां से पैसे मांगे थे। मां द्वारा पैसे देने से इनकार करने पर युवक ने फांसी लगा ली।

मूल रूप से बुलंदशहर निवासी विनीत की शादी 2 वर्ष पूर्व गाजियाबाद की रहने वाली कोमल (काल्पनिक नाम) के साथ हुई थी। शादी के बाद पति-पत्नी नोएडा के भंगेल में किराए पर रह रहे थे।बीते रात्रि की किसी बात को लेकर दोनों के बीच वाद विवाद हो गया। वाद विवाद के बाद विनीत घर से चला गया।कुछ देर बाद जब वापस लौटा तो उसे कोमल फांसी के फंदे पर लटकी हुई मिली।उसने पड़ोसियों की मदद से उसे फंदे से नीचे उतारा लेकिन तब तक उसकी मृत्यु हो चुकी थी। जानकारी मिलने पर थाना फेस-2 पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। वहीं मृतका के परिजनों का आरोप है कि विनीत उनकी बेटी को दहेज के लिए प्रताड़ित करता था। थाना प्रभारी का कहना है कि इस संबंध में अभी परिजनों द्वारा कोई तहरीर नहीं दी गई है परिजन अगर शिकायत देते हैं तो विधिक कार्रवाई की जाएगी।

वहीं थाना फेस-1 क्षेत्र के हरौला गांव में रहने वाले (20 वर्षीय) शादाब (शेष पृष्ठ-3 पर)



दिल्ली एनसीआर के कई इलाकों में आज सुबह झमाझम बारिश हुई। ग्रेटर नोएडा में बारिश के बाद तिलपता रोड़ पर पानी भर गया।जिसकी वजह से वाहन चालकों को काफी परेशानी हुई।

# बच्ची से हैवानियत कर जंगल में छुपा बैठा था,पुलिस ने घेर कर किया लंगड़ा

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-39 पुलिस में मुठभेड़ के बाद डेढ़ वर्ष की मासूम बच्ची के साथ हैवानियत करने के आरोप में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान पुलिस की गोली लगने से आरोपी घायल हो गया।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक सदरपुर में डेढ़ वर्षीय बच्ची खेलते हुए पड़ोस में रहने वाले युवक के कमरे पर चली गई। बच्ची को अकेला देखकर युवक ने उसके साथ वहशियाना हरकत की। बच्ची के चीखने की आवाज सुनकर उसकी मां जब पड़ोसी युवक के कमरे पर पहुंची तो भीतर का नजारा देखकर उसके होश उड़ गए। (शेष पृष्ठ-3 पर)



# दिनदहाड़े स्कूल टीचर के अपहरण का प्रयास, अपहरणकर्ता किए गए गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में एक सनसनीखेज वारदात हुई है। कचेड़ा गांव के पास दिनदहाड़े दुस्साहसिक तरीके से स्कूली वैन में जा रही टीचर का अपहरण करने के तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। महिला टीचर के अपहरण के दौरान गाड़ी पलटने के कारण आरोपी अपने मंसूबे में कामयाब नहीं हुए थे और मौके से फरार हो गए थे।



थाना बादलपुर में मंजू (काल्पनिक नाम) ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह दुर्रियाई गांव में स्थित एक स्कूल में टीचर है। 8 जुलाई की सुबह स्कूली वैन से अपने स्कूल के लिए (शेष -3 पर)

## मिठाई की दुकान में चोरी

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-63 क्षेत्र के छिजारसी कॉलोनी में चोरों ने एक मिठाई की दुकान से 10 हजार रुपए चोरी कर ली। पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

मूल रूप से ग्राम मुस्तफाबाद थाना जसराना जनपद फिरोजाबाद निवासी केशव यादव ने बताया कि उसकी शिवराम स्कूल के पास मिठाई की दुकान है। 7 जुलाई की रात्रि को वह दुकान बंद कर अपने घर चला गया। 8 जुलाई की सुबह जब वह दुकान पर पहुंचा तो उसके गल्ले से 10 हजार रुपए गायब थे। केशव यादव ने आशंका जताई है कि किसी व्यक्ति ने दुकान का शटर उठाकर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच पड़ताल की जा रही है।

# नहर में मिले शव की हुई पहचान एम्स से इलाज कराकर लौटा था घर

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना कासना क्षेत्र के डाढा गांव की नहर से बरामद हुए शव की पहचान हो गई है। मृतक मानसिक रूप से बीमार था और 24 जून से लापता था।

थाना कासना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि 30 जून को डाढा गांव के पास नहर से एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ था।शव का पंचायतनामा भरने के बाद पुलिस ने उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। काफी प्रयासों के बावजूद भी मृतक की पहचान नहीं हो पाई थी। सोमवार को ग्राम मिलकपुर में रहने वाले कुछ लोग थाना कासना पहुंचे और उन्होंने मृतक के कपड़े व फोटो देखकर उसकी पहचान जयपाल के रूप में की।

थाना प्रभारी ने बताया कि उन्नाव निवासी जयपाल हाल में थाना सूरजपुर क्षेत्र के मिल्क गांव में अपने परिजनों के साथ रह रहा था। पिछले काफी समय से जयपाल मानसिक रूप से बीमार था और उसका उपचार दिल्ली के एम्स अस्पताल में चल रहा था।मानसिक हालत बिगड़ने पर बीते 6 जून से 13 जून तक उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था।अस्पताल से डिस्चार्ज होने के बाद परिजन उसे घर ले आए थे।बीते 24 जून को जयपाल घर से बिना बताए निकल आया था। इसके बाद में घर वापस नहीं पहुंचा।25 जून को परिजनों ने थाना सूरजपुर में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। 30 जून को जयपाल का शव नहर से बरामद हुआ था। नियम अनुसार 72 घंटे शव रखने के पश्चात उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया था।

## डेढ़ माह बाद दर्ज की फोन चोरी की एफआईआर

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-49 क्षेत्र के बरौला गांव की मार्केट में फल खरीद रहे एक व्यक्ति का आई फोन चोरी हो गया। पुलिस ने करीब डेढ़ माह बाद चोरी की रिपोर्ट दर्ज की है।

बरौला गांव में रहने वाले हरीश शर्मा ने बताया कि वह 17 मई को बरौला पुलिस चौकी के पास लगने वाली मार्केट में फल खरीदने के लिए गया था।उसने फल खरीदने के बाद विक्रेता को ऑनलाइन पैसे ट्रांसफर कर दिए और अपना मोबाइल फोन जेब में रख लिया।कुछ दूर चलने पर उसने टाइम देखने के लिए जब मोबाइल निकालने के लिए जेब में हाथ डाला तो वह सन्न रह गया। (शेष पृष्ठ-3 पर)

# आजम खान के हमसफर रिजॉर्ट पर चला बाबा का बुल्डोजर



**रामपुर (एजेंसी)।** समाजवादी पार्टी के नेता आजम खान की मुश्किलें कम नहीं हो रही हैं।सीतापुर जेल में बंद समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव आजम खान के हम सफर रिजॉर्ट पर प्रशासन ने बुलडोजर चलवा दिया।रिजॉर्ट के सामने खाद के गड्ढों की जमीन है, जिसपर चार दीवारी बनवाने के साथ ही एक इमारत का निर्माण कर दिया था।

आपको बता दें कि अवैध कब्जे का मामला चार साल पहले सामने आया था। तहसीलदार कोर्ट में वाद दायर हुआ था। 2021 में तहसीलदार ने 380 वर्ग मीटर जमीन पर अवैध कब्जा बताते हुए इसे हटाने के आदेश जारी किए थे। इस आदेश के खिलाफ आजम खान की ओर से राजस्व परिषद में वाद दायर किया गया।

लेकिन परिषद से भी उन्हें राहत नहीं मिल सकी। 29 जून 2024 को तहसील सदर के कानूनगो ने एक सप्ताह का समय देते हुए अवैध कब्जा हटाने के लिए नोटिस जारी किया था, लेकिन कब्जा नहीं हटाया गया। तीन दिन पहले शहर विधायक आकाश सक्सेना ने उप जिला अधिकारी सदर को पत्र लिखकर अवैध कब्जा हटवाने की बात कही।

मंगलवार सुबह तहसील सदर की टीम हमसफर रिजॉर्ट पहुंची और पैमाइश करने के बाद 10 बजे बुलडोजर चलाना शुरु कर दिया।

# छेड़छाड़ का विरोध करने पर मनचले ने की मारपीट

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-39 क्षेत्र के सदरपुर गांव में मिठाई खरीदने जा रही युवती के साथ मनचले ने छेड़छाड़ की। छेड़छाड़ का विरोध करने पर आरोपी ने युवती के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। पुलिस ने 10 दिन बाद इस मामले को दर्ज किया है। सदरपुर कॉलोनी के सैनी मोहल्ले में रहने वाले अजय (काल्पनिक नाम) ने बताया कि उसकी बहन 28 जून की शाम को मिठाई खरीदने के लिए पास के बीकानेर होटल पर गई थी। इस दौरान पड़ोस में रहने वाले शिवम सैनी ने उसे रास्ते में रोक लिया और छेड़छाड़ शुरू कर दी। उसकी बहन ने जब छेड़छाड़ का विरोध किया तो शिवम सैनी ने गाली-गलौज कर मारपीट की। झगड़ा होता देखकर मौके पर लोग इकट्ठा हो गए। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

## दो मोबाइल टॉवर से आरआरयू चोरी

**नोएडा (चेतना मंच)।** चोरों के लिए सॉफ्ट टारगेट साबित हो रहे मोबाइल टॉवरों से कीमती उपकरण चोरी होने की घटनाएं थम नहीं रही हैं। चोरों ने अलग-अलग स्थानों पर लगे दो मोबाइल टॉवरों से आरआरयू व अन्य कीमती उपकरण चोरी कर लिए। थाना फेस-2 में एसजी एनकॉन कंपनी के क्यूआरटी हेड (शेष पृष्ठ-3 पर)



## ब्रिटेन की सत्ता

ब्रिटेन में चौदह वर्षों बाद कंजर्वेटिव पार्टी को पराजित कर लेबर पार्टी सत्ता की कमान संभालने जा रही है। लेबर पार्टी को ऐतिहासिक जीत मिली है। उसने चार सौ से ऊपर सीटें जीती हैं। किएर स्टार्मर ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री बने हैं। हालांकि इस सत्ता परिवर्तन के कयास बहुत पहले से लगाए जा रहे थे। चुनाव पश्चात सर्वेक्षणों में भी लेबर पार्टी को चार सौ से ऊपर सीटें मिलने के कयास लगाए गए थे। दरअसल, कंजर्वेटिव पार्टी से लोगों का मोहभंग हो चुका था। खासकर प्रधानमंत्री ऋषि सुनक खासे अलोकप्रिय हो चुके थे। इस तरह वहां सत्ता-विरोधी लहर थी, जिसमें कंजर्वेटिव पार्टी ध्वस्त गई। ब्रिटेन में काफी समय से महंगाई उच्च स्तर पर है, लोगों पर करों का बोझ काफी बढ़ गया है, सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाएं चरमरा गई हैं और देश की अर्थव्यवस्था एक तरह से ठप पड़ गई है। ऋषि सुनक ने अर्थव्यवस्था संभालने का आश्वासन दिया था, इसके लिए उन्होंने परिश्रम भी खूब किया, मगर कामयाब नहीं हो सके। नतीजतन, लोगों का रहन-सहन पर खर्च बढ़ता गया है। दरअसल, कंजर्वेटिव पार्टी के प्रति वहां के लोगों में रोष इस बात को लेकर भी था कि 'ब्रेक्जिट' करके ब्रिटेन यूरोपीय संघ से अलग हो गया, जिससे वहां की अर्थव्यवस्था पर बुरा असर पड़ा। इसके अलावा गैरकानूनी तरीके से हो रहे प्रवासन पर सुनक सरकार काबू नहीं पा सकी। इसके चलते वहां की सार्वजनिक सुविधाओं पर बोझ बढ़ा है। लेबर पार्टी ने आवास नीति बनाने, आव्रजन नीति को कड़ा करने और यूरोपीय संघ से रिश्ते मजबूत बनाने का वादा किया था। इससे वहां के लोगों में भरोसा पैदा हुआ। हालांकि चुनावी वादों को जमीन पर उतारना आसान नहीं होता। ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था को संभालना स्टार्मर के लिए भी बड़ी चुनौती होगी। खाली हो चुके खजाने के साथ करों का बोझ कम करना और सार्वजनिक सुविधाओं को बेहतर बनाना भी आसान नहीं होगा। ऐसे में, अगर आव्रजन नीतियों को कड़ा किया जाता है, तो अलग मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। देखने की बात है कि यूरोपीय संघ के साथ मिल कर वे ब्रिटेन की जर्जर हो चुकी अर्थव्यवस्था और लोगों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने में कहां तक कामयाब हो पाते हैं।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि पशु, पक्षी, देवता, मनुष्य, असुर समेत जितने श्री रामजी के चरणों के उपासक हैं, मैं उन सबके चरणकमलों की वंदना करता हूँ, जो श्री रामजी के निष्काम सेवक हैं॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**सुक सनकादि भगत मुनि नारद। जे मुनिबर बिग्यान बिसारद॥**
**प्रनवउँ सबहि धरनि धरि सीसा। करहु कृपा जन जानि मुनीसा॥**

शुकदेवजी, सनकादि, नारदमुनि आदि जितने भक्त और परम ज्ञानी श्रेष्ठ मुनि हैं, मैं धरती पर सिर टेककर उन सबको प्रणाम करता हूँ, हे मुनीश्वरों! आप सब मुझको अपना दास जानकर कृपा कीजिए॥

**जनकसुता जग जननि जानकी। अतिसय प्रिय करुनानिधान की॥**
**ताके जुग पद कमल मनावउँ। जासु कृपाँ निरमल मति पावउँ॥**

राजा जनक की पुत्री, जगत की माता और करुणा निधान श्री रामचन्द्रजी की प्रियतमा श्री जानकीजी के दोनों चरण कमलों को मैं मनाता हूँ, जिनकी कृपा से निर्मल बुद्धि पाऊँ॥

**पुनि मन बचन कर्म रघुनायक। चरन कमल बंदउँ सब लायक॥**
**राजीवनयन धरें धनु सायक। भगत बिपति भंजन सुखदायक॥**

फिर मैं मन, वचन और कर्म से कमलनयन, धनुष-बाणधारी, भक्तों की विपत्ति का नाश करने और उन्हें सुख देने वाले भगवान श्री रघुनाथजी के सर्व समर्थ चरण कमलों की वन्दना करता हूँ॥

**दो0- गिरा अरथ जल बीचि सम कहिअत भिन्न न भिन्न।**
**बंदउँ सीता राम पद जिन्हहि परम प्रिय खिन्न॥**

जो वाणी और उसके अर्थ तथा जल और जल की लहर के समान कहने में अलग-अलग हैं, परन्तु वास्तव में अभिन्न (एक) हैं, उन श्री सीतारामजी के चरणों की मैं वंदना करता हूँ, जिन्हें दीन-दु:खी बहुत ही प्रिय हैं।(क्रमश:..)

# यूपी बीजेपी में क्यों नहीं उभर रही है दलित लीडरशिप

लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को उत्तर प्रदेश से जो झटका मिला है,उससे बीजेपी आलाकमान अभी तक उबर नहीं पाया है। हार की कई स्तरों पर लगातार समीक्षा हो रही है। बीजेपी प्रत्याशियों की हार और वोट प्रतिशत में गिरावट के लिये फिलहाल कई छोटे-छोटे के अलावा दो-तीन बड़े कारण नजर आ रहे हैं। इसमें प्रत्याशियों के प्रति जनता की नाराजगी के अलावा ओबीसी और दलित वोट बैंक के खिसकने को सबसे बड़ी वजह समझा जा रहा है। इसी के चलते पार्टी के सजातीय मंत्रियों और पदाधिकारियों की लगाम कसने के साथ अब इस वोट बैंक को वापस भाजपा की तरफ लाने की जिम्मेदारी भी सजातीय नेताओं को सौंपी गई है। भाजपा आलाकमान दलित मंत्रियों के साथ ही अनुसूचित मोर्चा के पदाधिकारियों के साथ लगातार बैठकें कर रहा है,लेकिन कुछ पहलू ऐसे भी हैं जिसकी ओर अभी तक ना तो बीजेपी आलकमान और ना ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ध्यान दिया है। इसमें सबसे बड़ा कारण पार्टी और सरकार के स्तर पर कार्यकर्ताओं की अनदेखी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा पूरी सरकार को अपने पास केन्द्रित कर लेना है। स्थिति यह हो गई थी कि यूपी में योगी ही सब कुछ हो गये थे,यहां तक की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तक यूपी प्लस योगी बहुत हैं उपयोगी जैसे जुमले बोलने लगे थे।




स्थिति यह हो गई थी कि जो वोटर अपने जनप्रतिनिधि से सीधे सम्पर्क में रहता है उसी जनप्रतिनिधि के अधिकारों को सीज कर दिया गया था,कई मौकों पर वह(विधायक/सांसद) अपने वोटरों को चाह कर भी इंसाफ नहीं दिला पाते थे,क्योंकि उनकी न तो सरकार में सुनवाई हो रही थी, न ही अधिकारी अथवा पुलिस उनकी सुनती थी।क्योंकि ऊपर से आदेश पास हुआ था कि कोई बीजेपी का नेता किसी सरकारी अधिकारी अथवा थाना-चैकी पर नहीं जायेगा। ऐसे में कोई नेता या जनप्रतिनिधि थाने-चैकी पर जाने की हिमाकत कर लेता था तो उसको बेइज्जत होना पड़ता था। नतीजा यह होता जनप्रतिनिधि अपने ही मतदाताओं की नजरों में उतर जाता। वह वोटरों से कटने लगता,जिसकी परिणिति लोकसभा चुनाव में हार के रूप में बीजेपी को चुकानी पड़ी।

अब जब बीजेपी के नेताओं कार्यकर्ताओं की सुनी जा रही है तो वह अपना दर्द बयां कर रहे हैं। उनके द्वारा दलितों और ओबीसी समाज में भाजपा को लेकर नाराजगी की वजहें गिनाई जा रही हैं। सूत्रों की माने तो कई मंत्रीं और नेता बेरोजगारी के अलावा पार्टी में जातीय कार्यकर्ताओं को तवज्जों न मिलना हार का एक बड़ा कारण बता रहे हैं।कहा यह भी जा रहा है कि उत्तर प्रदेश भाजपा का अध्यक्ष किसी दलित को बनाया जाये,जिससे दलित वोटरों में अच्छा मैसेज जायेगा। कुछ लोगों ने तो यह भी आरोप लगाये कि दलित अधिकारियों को थानेदारों और तहसीलदारों की नौकरियां तो मिलती हैं लेकिन उन्हें पोस्टिंग में दरकिनार रखा जाता है। पार्टी नेताओं ने आउटसोर्सिंग और कॉन्ट्रेक्ट की नौकरी में दलित-ओबीसी समाज के लिए आरक्षण नहीं होने को राज्य में पार्टी की हार की बड़ी वजह बताया है। सरकार और पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से नाराज नेताओं ने कहा कि यह चिंतनीय है कि आखिर सरकार के बेहतर काम के बावजूद लोकसभा चुनाव में आश्चर्यजनक तरीके से पहली बार बसपा से कट कर दलित वोट सपा और कांग्रेस की ओर चला गया, ऐसा आखिर क्यों हुआ? इसका कारण बताते हुए नाराज नेताओं ने दलित नेतृत्व को आगे न बढ़ाने की बात रखी।

खैर,बीजेपी आलाकमान ने एहतियात के तौर पर जो कदम उठाये हैं उसमें लोकसभा चुनाव के परिणाम से सीख लेते हुए भाजपा ने दलितों में नए सिरे से पैठ बढ़ाने की तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए सरकार व संगठन में दलितों की भागीदारी बढ़ाई जाएगी।यूपी भाजपा का नया अध्यक्ष भी कोई दलित चेहरा हो सकता है। इस पर भी विचार हो रहा है कि उप्र की 10 विधानसभा सीटों पर होने वाले उप चुनाव में सिफारिश की बजाय जीतने वाले उम्मीदवारों को ही चुनावी मैदान में उतारा जाए। उप चुनाव में ज्यादा से ज्यादा सीटों पर जीत दर्ज करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। साथ ही तय किया गया कि टिकट वितरण से पहले स्थानीय नेताओं की राय जरूर ली जाएगी। इसके साथ ही हिदायत दी गई है कि सभी भाजपा नेताओं को अहंकार से दूरी बना कर चलना होगा। सभी को पद नहीं दिए जा सकते हैं, लेकिन समर्पित होकर चलने से समय आने पर पार्टी आगे आने का मौका भी देती है।

**स्थिति यह हो गई थी कि जो वोटर अपने जनप्रतिनिधि से सीधे सम्पर्क में रहता है उसी जनप्रतिनिधि के अधिकारों को सीज कर दिया गया था, कई मौकों पर वह ( विधायक/सांसद ) अपने वोटरों को चाह कर भी इंसाफ नहीं दिला पाते थे,क्योंकि उनकी न तो सरकार में सुनवाई हो रही थी।**

बहरहाल, हार के कारणों का पता लगाने की कोशिशों के साथ पार्टी आलाकमान ने दलित व ओबीसी नेताओं को फिलहाल दस विधानसभा के लिए होने वाले उप चुनाव पर फोकस करने को कहा है। सभी लोग मिलकर सभी 10 सीटों पर चुनाव जीतने की कोशिश में जुटें। नेताओं को आपसी मतभेद भूलकर हर सीट जीतने की रणनीति बनाकर काम करना होगा।

इसी बीच भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल संतोष लोकसभा चुनाव के दौरान प्रदेश भाजपा की मीडिया टीम की भूमिका की भी समीक्षा कर रहे हैं।संतोष ने मीडिया के पदाधिकारियों को अपने तेवर और कलवेर को और अधिक दुरूस्त करने के साथ ही सोशल मीडिया पर सरकार और संगठन का पक्ष आक्रमकता से रखने के भी निर्देश दिए हैं। इस दौरान उन्होंने लोकसभा चुनाव में हार की वजहों को भी जाना और उन कमियों के बारे में भी पूछा, जिनकी वजह से पार्टी को नुकसान उठाना पड़ा। संतोष ने लोकसभा चुनाव में विपक्ष द्वारा गलत तथ्यों के आधार पर दलितों और ओबीसी के बीच फैलाए गए बातों का असर कम करने के लिए अभी से जुटने के भी निर्देश दिए।

**- अजय कुमार, लखनऊ**

# मीणा प्रकरण कहीं नेताओं के बीच चल रही खींचतान का परिणाम तो नहीं?

राजस्थान भाजपा में चल रही उठापटक पर पार्टी नेतृत्व की नजर बनी हुई है और बताया जा रहा है कि जल्द ही कोई सर्वमान्य फॉर्मूला निकाल कर सबकी नाराजगी दूर की जा सकती है। हम आपको बता दें कि सात महीने पुरानी भजन लाल शर्मा सरकार तब मुश्किल में नजर आई जब हाल ही में कृषि मंत्री किरोडी लाल मीणा ने बताया कि उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। किरोडी लाल को मनाने का प्रयास मुख्यमंत्री ने किया, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने किया मगर बात नहीं बनी। अब किरोडी लाल मीणा के इस्तीफे का मामला केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सुलझाएंगे। संभवत: इस सप्ताह के अंत तक यह मामला सुलझ जाने के आसार बताये जा रहे हैं।

किरोडी लाल मीणा के इस्तीफे को लेकर राजस्थान में तमाम तरह की कयासबाजियां भी चल रही हैं। विपक्ष जहां इसे भाजपा के अंदरूनी घमासान के तौर पर देख रहा है वहीं राजनीतिक पर्यवेक्षकों का कहना है कि यह प्रेशर पॉलिटिक्स है। हालांकि खुद किरोडी लाल मीणा कह चुके हैं कि उनकी संगठन या मुख्यमंत्री से कोई नाराजगी नहीं है। लेकिन फिर भी उनके इस्तीफे को लेकर कई तरह की बातें चल रही हैं। पहले कहा गया कि वह अपने लिए सरकार में उपमुख्यमंत्री पद चाहते हैं तो अब कहा जा रहा है कि किरोडी किरोड़ी लाल मीणा अपने भाई जगमोहन मीणा के लिए दौसा संसदीय सीट से टिकट चाहते थे लेकिन पार्टी ने उनकी बात नहीं सुनी। हम आपको बता दें कि भाजपा ने दौसा से कन्हैया लाल मीणा को टिकट दिया था जोकि चुनाव हार गये। बताया जा रहा है कि किरोडी लाल मीणा इस बात के लिए भी नाराज हैं कि दौड़ में होने और योग्य तथा अनुभवी होने के बावजूद उन्हें राजस्थान विधानसभा चुनावों के बाद मुख्यमंत्री नहीं बनाया गया। यही नहीं, उनसे उम्र तथा अनुभव में काफी छोटे नेताओं को राजस्थान का उपमुख्यमंत्री बना दिया गया। यह भी बताया जा रहा है कि किरोडी लाल मीणा को इस बात की भी नाराजगी है कि उन्हें कृषि विभाग तो दिया गया लेकिन अक्सर उसके साथ ही मिलने वाले ग्रामीण विकास और पंचायती राज विभाग को उनके तथा एक अन्य मंत्री मदन दिलावर के बीच विभाजित कर दिया गया।

किरोडी लाल मीणा इस्तीफा वापस लेंगे या नहीं, इन अटकलों के बीच उनकी पत्नी तथा पूर्व मंत्री गोलमा देवी का भी बयान सामने आ गया है। उन्होंने कहा है कि लोग अफवाहें फैला रहे हैं कि बड़े पद की लालसा में डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने मंत्री पद से इस्तीफा दिया है। गोलमा देवी ने कहा कि इन अफवाहों में कोई सच्चाई नहीं है। उन्होंने कहा कि किरोडी लाल मीणा पूर्व में वसुंधरा सरकार से भी इस्तीफा दे चुके हैं, तब भी उन्होंने मनाये जाने के बावजूद इस्तीफा वापस नहीं लिया था। गोलमा देवी ने कहा कि उनके पति के लिए विधायक और मंत्री पद कोई मायने नहीं रखता है। वह अपनी जबान के पक्के नेता हैं। हम आपको याद दिला दें कि किरोडी लाल मीणा बार-बार यही कह रहे हैं कि उन्होंने अपनी उस सार्वजनिक घोषणा के कारण इस्तीफा दिया है कि अगर पार्टी उनके अधीन वाली लोकसभा सीटें हारती है तो वे इस्तीफा दे देंगे।




**एक समय राजस्थान भाजपा में वसुंधरा राजे के अलावा कोई बड़ा नाम नहीं था लेकिन अब लगातार दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष बनाये गये ओम बिरला हैं, केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव और गजेंद्र सिंह शेखावत हैं, पहली बार विधायक का चुनाव जीतकर मुख्यमंत्री बने भजन लाल शर्मा हैं, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सीपी जोशी हैं तथा सांसद से विधायक बना कर राज्य सरकार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहीं दीया सिंह व राज्यवर्धन सिंह राठौड़ जैसे नेता हैं। इस सबको देखते हुए सवाल उठ रहा है कि कहीं राजस्थान भाजपा में दिख रही उठापटक युवा नेताओं और अनुभवी नेताओं के बीच चल रही खींचतान का नतीजा तो नहीं है?**

वैसे किरोडी लाल मीणा मामले का एक दूसरा पक्ष भी है। देखा जाये तो भाजपा राजस्थान में नये चेहरों को आगे करने का या युवाओं को बड़ी जिम्मेदारियां देने का जो अभियान चला रही है उससे कई वरिष्ठ नेता नाराज हो गये हैं। इस नाराजगी का असर लोकसभा चुनावों में दिखा भी था। हाल में भाजपा ने कई पुराने और धुरंधर नेताओं को या तो साइड लाइन कर दिया है या दूसरे पद देकर उन्हें राजस्थान की स्थानीय राजनीति से दूर कर दिया है। जैसे कि वसुंधरा राजे को फिर से मुख्यमंत्री नहीं बनाया गया। वरिष्ठ नेता गुलाब चंद कटारिया को असम का राज्यपाल बना दिया गया। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया को हरियाणा का प्रभारी बना दिया गया। इसके अलावा वसुंधरा राजे के कई करीबी नेताओं को या तो चुनावों में टिकट नहीं दिया गया या विधायक बन जाने पर भी उन्हें मंत्री नहीं बनाया गया है। यहां यह भी गौर करने लायक बात है कि एक समय राजस्थान भाजपा में वसुंधरा राजे के अलावा कोई बड़ा नाम नहीं था लेकिन अब लगातार दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष बनाये गये ओम बिरला हैं, केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव और गजेंद्र सिंह शेखावत हैं, पहली बार विधायक का चुनाव जीतकर मुख्यमंत्री बने भजन लाल शर्मा हैं, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सीपी जोशी हैं तथा सांसद से विधायक बना कर राज्य सरकार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहीं दीया सिंह व राज्यवर्धन सिंह राठौड़ जैसे नेता हैं। इस सबको देखते हुए सवाल उठ रहा है कि कहीं राजस्थान भाजपा में दिख रही उठापटक युवा नेताओं और अनुभवी नेताओं के बीच चल रही खींचतान का नतीजा तो नहीं है?

बहरहाल, देखना होगा कि किरोडी लाल मीणा मामले का भाजपा नेतृत्व क्या हल निकालता है। यदि किरोडी लाल मीणा की मांगें मान ली जाती हैं तो राजनीतिक रूप से साइड किये जा चुके कई वरिष्ठ नेताओं के मन की उम्मीदें भी हिलोरें मार सकती हैं और वह भी फिर से पद पाने का प्रयास करते दिख सकते हैं। यदि किरोडी लाल मीणा को राजस्थान की राजनीति से बाहर लाकर एक बार फिर सांसद बनाया जाता है तो यह कई नेताओं के लिए सख्त संदेश की तरह होगा। वैसे एक बात तय है कि राजस्थान में जातिगत समीकरणों की महत्ता को देखते हुए किरोडी लाल मीणा को साइड लाइन तो नहीं ही किया जा सकता। उम्मीद तो यह भी की जा रही है कि राजस्थान भाजपा में जाट नेताओं को भी बड़ी भूमिका मिलने जा रही है। देखना होगा कि आने वाले दिनों में राजस्थान की राजनीति क्या नई करवट लेती है?

**-नीरज कुमार दुबे**

## राशिफल

**आषाढ़ शुक्ल पक्ष : चतुर्थी** | **(विक्रम संवत् 2081)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
परिस्थितियां थोड़ी प्रतिकूल हैं। चोट-चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं, बचकर पार करें।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। नौकरी-चाकरी की स्थिति बहुत अच्छी होगी। प्रेमी-प्रेमिका की मुलाकात हो सकती है।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ङ , छ, के, हो, हा)**
शत्रु उपद्रव संभव है लेकिन शत्रु शमन भी संभव है। जीत आपकी ही होगी। स्वास्थ्य मध्यम। प्रेम, संतान अच्छा।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
प्रेम में तू-मैंमैं संभव है। भावुकता में काबू रखें। स्वास्थ्य नरम-गरम। प्रेम, संतान मध्यम है। व्यापार ठीक है।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
गृहकलह के संकेत हैं लेकिन भौतिक सुख-संपदा में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य अच्छा है। प्रेम, संतान अच्छा है। व्यापार भी अच्छा है।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
पराक्रम रंग लाएगा। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। स्वास्थ्य बहुत अच्छा है। प्रेम, संतान भी बहुत अच्छा। व्यापार बहुत अच्छा।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
जुबान अनियंत्रित न होने दें। निवेश पर रोक लगाएं। स्वास्थ्य ठीक है। प्रेम, संतान भी ठीक है। व्यापार भी ठीक है।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
भाग्यवान बने रहेंगे। जरूरत के हिसाब से वस्तुएं उपलब्ध होंगी। एक सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे)**
मन में शंका बनी रहेगी। स्वास्थ्य नरम-गरम। प्रेम, संतान अच्छा। व्यापार अच्छा। शिवजी का जलाभिषेक करें।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
आय के नवीन साधन बनेंगे। पुराने साधन से भी पैसे आएंगे। स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम-संतान का साथ होगा।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
कोर्ट-कचहरी में विजय मिलेगी। व्यावसायिक लाभ होगा। पिता का साथ होगा। स्वास्थ्य अच्छा। प्रेम, संतान की स्थिति अच्छी।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
भाग्य साथ देगा। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। स्वास्थ्य ठीक-ठाक, प्रेम-संतान अच्छा, व्यापार भी अच्छा।

# जनवादी महिला समिति ने ग्रेटर नोएडा के गांवों में की बैठक

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति की एक बैठक हुई जिसमें सैनी गांव, सुनपुरा गांव व वैदपुरा गांव जिसकी अध्यक्षता रहीसा चौहान ने की और गंभीर जन मुद्दों पर चर्चा की गई।



बैठक में जिला प्रभारी आशा यादव, जिला सचिव चंदा बेगम, जिला अध्यक्ष रेखा चौहान भी शामिल रहे। साथ ही अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति ने सदस्यता भी किया इन मीटिंगों में महिलाओं की उपस्थिति काफी अच्छी थी सनी गांव से रईसा चौहान, नसीम, समीना, नसरीन, नूरजहां, हाजरा, शबनम, परवीन और अन्य कई महिलाएं उपस्थित थी।

सोनपुर गांव से महिलाओं की उपस्थिति में अनीशा, खुशबू, शहनाज, अजर, आसमा, रहीसा और अन्य महिला उपस्थित थी। सुनपुरा गांव में महिलाओं की उपस्थिति में बाला, गायत्री, साम, जरीना, शांति, संतो, पूनम, वीरवत, मीणा चंपा और अन्य महिला उपस्थित रहीं।

# श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन 14 जुलाई से



**नोएडा (चेतना मंच)।** आगामी 14 जुलाई से नंगला चरण दास गांव में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। श्रीमद् भागवत कथा 14 जुलाई को भव्य कलश यात्रा के साथ प्रारंभ होगी। यह आयोजन नंगला चरणदास गांव में स्थित बारात घर में होगा। 14 जुलाई को पूरे गांव में भव्य कलश यात्रा के बाद श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन होगा जो निरंतर 7 दिन तक चलेगा। 21 जुलाई को श्रीमद् भागवत कथा का समापन होगा और उसके बाद भंडारे का आयोजन होगा। यह जानकारी भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के पूर्व महानगर अध्यक्ष भूपेंद्र शर्मा ने दी है। उन्होंने सभी ग्रामीण एवं अन्य लोगों से श्रीमद् भागवत कथा में शामिल होने की अपील की है।

# टीम इंडिया में एक से बढ़कर एक खिलाड़ी : श्रीवास्तव



**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी अमरेश श्रीवास्तव ने टीम इंडिया को बधाई देते हुए कहा कि भारत ने टी-20 में विश्व कप जीतकर इतिहास रचने का काम किया है। उन्होंने कहा कि इसके लिए भारतीय टीम बधाई की पात्र है।

उन्होंने भारतीय टीम की सराहना करते हुए कहा कि हमारे टीम में एक से बढ़कर एक जांबाज खिलाड़ी है। उन्होंने कहा कि ऐसे खिलाड़ियों का प्रोत्साहन एवं उत्साहवर्धन देशवासियों को जरूर करना चाहिए।



समाजसेवी रीना राघव ने पानी की समस्या से डीएम को अवगत कराया। शिकायत के बाद नगर पालिका के अधिशासी अभियंता द्वारा समरसेबल का कार्य करवाया जा रहा है।

# अतिक्रमण नहीं हटा



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** कस्बा बिलासपुर में एसडीएम के आदेश के बाद भी अवैध अतिक्रमण नहीं हटवाया गया है।

पुलिस चौकी के 10 कदम की दूरी पर नगर पंचायत के पास एक समोसा वाले का खोखा लगा है। नगर पंचायत के अधिकारी एसडीएम के आदेश को नहीं मान रहे हैं।

# नीट पेपर लीक के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नीट पेपर लीक सरकार के खिलाफ जंतर-मंतर पर INDIA गठबंधन के साथियों के साझा समूह INDIA YOUTH FRONT द्वारा आयोजित विरोध प्रदर्शन में नोएडा से बड़ी संख्या में कांग्रेसी जुटे।

पश्चिम उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष पारस शुक्ला के नेतृत्व में सैकड़ों साथियों ने प्रदर्शन में हिस्सा लिया। जिसमें युवा कांग्रेस गौतमबुधनगर जिलाध्यक्ष जावेद खान, युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव पश्चिमी शहाबुद्दीन, शेखर अग्रवाल, जगबीर खटाना, जयप्रकाश, सलमान, प्रमोद, प्रेम शाह, महावीर, जतिन, सनी, सोनू, मदन, अब्बास, सरवन कुमार व अन्य लोग जंतर मंतर पर पेपर लीक को लेकर धरना प्रदर्शन में साथियों सहित शामिल हुए।

# फेलिक्स के डॉक्टरों ने वेरिकोस वेन्स से ग्रसित युवक को दी राहत

**नोएडा (चेतना मंच)।** वेरिकोस वेन्स से ग्रसित एक युवक को समय रहते फेलिक्स अस्पताल के डॉक्टरों ने उपचार कर दर्द से राहत दिलाई है।



उत्तराखंड हरिद्वार के 31 साल के इशांक शर्मा का कहना है कि एक बड़ी एमएनसी में काम करते हैं। दो साल से वेरिकोस वेन्स से ग्रसित होने के कारण उन्हें परेशानी हो रही थी। इलाज के लिए इंटरनेट पर अस्पताल के बारे में जानकारी मिली थी। जानकारी करके फेलिक्स अस्पताल पहुंते यहां उनकी जांच के बाद सर्जरी की गई। लेप्रोस्कोपिक और जनरल सर्जन रितेश कुमार अग्रवाल ने उनका इलाज किया है। इलाज के दौरान पूरे अस्पताल और डॉक्टर का व्यवहार बहुत अच्छा था। अच्छी तरह से उनकी जांच की जांच के बाद इलाज किया गया है। अब वह पूरी तरह से स्वस्थ है।

फेलिक्स अस्पताल डॉ. रितेश कुमार अग्रवाल का कहना है कि वेरिकोस वेन्स एक सामान्य चिकित्सा स्थिति है जिसमें नसें बढ़ जाती हैं, मरोड़ी हुई होती हैं, और अक्सर त्वचा की सतह के नीचे स्पष्ट होती हैं। यह अक्सर पैरों में होती हैं लेकिन शरीर के अन्य हिस्सों में भी हो सकती हैं। वेरिकोस वेन्स का कारण वल्व की खराबी से होता है। यह नसों में स्थित वल्व खून को वापस हृदय की ओर ले जाने में मदद करती हैं। अगर ये वल्व ठीक से काम नहीं करते, तो खून नसों में इकट्ठा हो जाता है। यह समस्या आनुवांशिक भी हो सकती है। इसके अलावा मोटापा यानी अधिक वजन नसों पर अधिक दबाव डालता है। लंबे समय तक खड़े रहना या बैठने के कारण भी खून का प्रवाह धीमा हो जाता है और नसों में दबाव बढ़ता है। इसके कारण प्रभावित क्षेत्र में सूजन, दर्द या भारीपन महसूस हो सकता है। नसों का रंग नीला या गहरा बैंगनी हो सकता है। त्वचा के पास खुजली या जलन हो सकती है। गंभीर मामलों में घाव या अल्सर हो सकते हैं। वेरिकोस वेन्स तीन प्रकार की होते हैं। सर्फेस वेन्स नसें त्वचा की सतह के पास होती हैं। डीप वेन्स ये नसें मांसपेशियों के अंदर होती हैं। कम्पैनियन वेन्स ये नसें सर्फेस और डीप वेन्स के बीच होती हैं और रक्त संचार में मदद करती हैं। अधिकतर मामलों में लाइफस्टाइल बदलाव, जैसे वजन घटाना, व्यायाम करना और लंबे समय तक खड़े रहने से बचकर बीमापी से बचा जा सकता है। इसके अलावा संपीड़न स्टॉकिंग्स ये स्टॉकिंग्स नसों को सहारा देने में मदद करती हैं और खून के प्रवाह में सुधार करती हैं। स्क्लेरोथेरेपी में नसों में एक घोल इंजेक्ट किया जाता है जो नसों को बंद कर देता है। इसके अलावा लेजर किरणों से नसों को बंद किया जा सकता है। गंभीर मामलों में नसों को हटाने के लिए सर्जरी की आवश्यकता हो सकती है। वेरिकोस वेन्स से बचाव और निवारण के लिए नियमित रूप से चिकित्सक से परामर्श करना और स्वस्थ जीवनशैली अपनाना महत्वपूर्ण है।

**वेरिकोस वेन्स के लक्षण**

- सूजन और दर्द
- नसों का नीला या गहरा बैंगनी रंग
- खुजली और जलन
- गंभीर मामलों में घाव या अल्सर

**वेरिकोस वेन्स से बचाव के उपाएं**

- नियमित व्यायाम
- वजन नियंत्रण
- लंबे समय तक खड़े रहने से बचना
- संपीड़न स्टॉकिंग्स पहनना

## पृष्ठ एक के शेष....

**भारत की विकास....**

पीएम मोदी ने कहा कि मैं आज यहां अकेले नहीं आया हूं बल्कि अपने साथ देश की मिट्टी की महक लेकर आया हूं. मैं 140 करोड़ देशवासियों का प्यार लेकर आया हूं. आज नौ जुलाई है, इस दिन की खास बात ये है कि मैंने इसी दिन प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी. इस तरह से मुझे तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लिए हुए एक महीना हो गया है.

उन्होंने भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि मैंने शपथ ली थी कि तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर तीन गुनी रफ्तार से काम करूंगा. इस सरकार में 3 का अंक छाया हुआ है. हमें तीन गुनी रफ्तार से काम करना है. हमारा लक्ष्य भारत को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यस्था बनाना है. हमारा लक्ष्य तीन करोड़ लखपति दीदी बनाना है. देश को तीसरी अर्थव्यवस्था बनाना है. गरीबों के लिए तीन करोड़ घर बनाना है.

पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया हिंदुस्तान का टैलेंट देख अचंभित है. देश के विकास की रफ्तार से आज दुनिया हैरान है. दुनिया कहती है कि भारत बदल रहा है. आज भारत में लाखों स्टार्टअप है. आज का भारत जो ठान लेता है, पूरा करता है।

प्रधानमंत्री मोदी ने मॉस्को में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि भारत 140 करोड़ नागरिकों के सामर्थ्य पर भरोसा करता है. विश्वभर में फैले हुए भारतीयों के सामर्थ्य पर भरोसा करता है, गर्व करता है. इस वजह से भारत बदल रहा है. 140 करोड़ देशवासियों ने करके दिखाया है. भारत को अपने सामर्थ्य पर भरोसा है. भारत डिजिटल ट्रांजैक्शन का सबसे बड़ा मॉडल है. आज हिंदुस्तान मेहनत कर रहा है. विदेशों में रहने वाले भारतीय आज भारत पर गर्व करते हैं. देशवासियों ने विकसित भारतीयों का संकल्प लिया है. सामर्थ्य पर भरोसे की वजह से भारत बदला है. दुनिया भारत का नवनिर्माण देख रही है।

उन्होंने कहा कि 2014 से पहले हम निराशा के गर्त में डूब चुके थे, हताशा-निराशा ने हमें जकड़ लिया था. लेकिन आज देश आत्मविश्वास से भरा हुआ है. एक ही बीमारी के दो मरीज अस्पताल में हो, उतने ही सामर्थ्यवान डॉक्टर हो. लेकिन एक निराशा में डूबा हुआ मरीज हो, दूसरा आत्मविश्वास से भरा हुआ हो तो आपने देखा होगा आत्मविश्वास से भरा हुआ मरीज ठीक होकर अस्पताल होकर बाहर आता है. आज देश आत्मविश्वास से भरा हुआ है, ये हिंदुस्तान की सबसे बड़ी पूंजी है।

अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि मैं अपने साथ हिंदुस्तान की मिट्टी की महक लेकर आया हूं। मैं अपने साथ 140 करोड़ हिंदुस्तानियों का प्यार लेकर आया हूं। ये बहुत सुखद है कि तीसरी बार सरकार में आने के बाद भारतीय समुदाय से मेरा पहला संवाद यहां मॉस्को में आपके साथ हो रहा है। (हमारा नेता कैसा हो, मोदीजी जैसा हो के नारे लगे।) आज वैसे 9 जुलाई है। आज मुझे शपथ लिए पूरा एक महीना हुआ है। आज से ठीक एक महीने पहले नौ जून को मैंने तीसरी बार भारत के पीएम पद की शपथ ली थी और उसी दिन मैंने एक प्रण लिया था। मैंने प्रण किया था कि अपने तीसरे कार्यकाल में मैं तीन गुना ताकत से काम करुंगा।

**6 अफसर किए सस्पेंड....**

एडीजी आगरा-कमिश्नर अलीगढ़ की संयुक्त एसआईटी की रिपोर्ट में दक्षिण के कुछ राज्यों के नंबर, कुछ अधिकारी-कर्मचारी, सेजांच समिति ने अब तक हुई जांच व कार्यवाही के आधार पर हादसे के पीछे किसी बड़ी साजिश से भी इंकार नहीं किया है और गहन जांच की जरूरत बताई है।

-जांच समिति ने कार्यक्रम आयोजक तथा तहसील स्तरीय पुलिस व प्रशासन को भी दोषी पाया है। स्थानीय एसडीएम, सीओ, तहसीलदार, इंस्पेक्टर, चौकी इंचार्ज द्वारा अपने दायित्व का निर्वहन करने में लापरवाही के जिम्मेदार हैं।

-उप जिला मजिस्ट्रेट सिकन्दराराऊ द्वारा बिना कार्यक्रम स्थल का मुआयना किये आयोजन की अनुमति प्रदान कर दी गई और वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत भी नहीं कराया।

- उक्त अधिकारियों द्वारा कार्यक्रम को गंभीरता से नहीं लिया गया और वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत भी नहीं कराया गया। एसआईटी ने संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की संस्तुति की है। तदक्रम में, उप जिला मजिस्ट्रेट सिकन्दराराऊ, पुलिस क्षेत्राधिकारी सिकन्दराराऊ, थानाध्यक्ष सिकन्दराराऊ, तहसीलदार सिकन्दराराऊ, चौकी इन्चार्ज कचौरा एवं चौकी इन्चार्ज पोरा को शासन द्वारा निलंबित कर दिया गया है।

**बच्ची से हैवानियत....**

बच्ची की मां को देखकर युवक जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग निकला।

नोएडा जोन के एडीसीपी मनीष कुमार मिश्र ने बताया कि बच्ची के परिजनों की शिकायत पर तुरंत आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म, पास्को एक्ट में नामजद मुकदमा दर्ज किया गया। मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी। आज सुबह पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी उदयवीर पुत्र राजवीर सेक्टर-42 के जंगल में छुपा हुआ है। सूचना के आधार पर पुलिस ने बताये गए स्थान को घेर लिया और कांबिग शुरू की। खुद को घिरा देखकर आरोपी उदयवीर ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में उदयवीर के पैर में गोली लगी और वह घायल होकर गिर गया। इसके बाद पुलिस ने उसे दबोच लिया। उदयवीर के पास से एक तमंचा व कारतूस बरामद हुआ है। पकड़े गए आरोपी को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

एडीसीपी ने बताया कि आरोपी मूल रूप से ग्राम सकतपुर थाना मांठ जनपद मथुरा का रहने वाला है। वह हाल में सदरपुर में किराए में पर रह रहा था।

**दिनदहाड़े स्कूल टीचर....**

निकली थी वह नहर की पटरी के रास्ते से दुर्रियाई गांव की तरफ जा रही थी। कचेडा गांव के पास इको वैन सवार तीन युवकों ने ओवरटेक कर उसकी स्कूली वैन को रुकवा लिया। वैन के रुकते ही अमित, अंकेश, शैंकी नागर ने उसे जबरन वैन से उतारकर अपनी गाड़ी में डाल लिया। उसने जब शोर मचाया तो आसपास गुजर रहे लोगों ने इको वैन का पीछा किया। हड़बड़ाहट में आरोपी संतुलन खो बैठे और गाड़ी पलट गई। गाड़ी पलटने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। ग्रामीणों ने किसी तरह उसे गाड़ी से बाहर निकाला। महिला टीचर ने आरोप लगाया कि अंकेश भाटी जबरन उससे शादी करना चाहता है।

सेंट्रल जोन के एडीसीपी हृदेश कठेरिया ने बताया कि महिला टीचर की शिकायत पर तुरंत आरोपियों के खिलाफ अपहरण सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस की टीमों ने छापेमारी कर अंकेश भाटी पुत्र विजयपाल सिंह निवासी ग्राम इंद्रपुरा थाना किठौर जनपद मेरठ, अमित जाट पुत्र जुमेंद्र सिंह निवासी ग्राम मुरादपुर पॉवटी थाना गढ़मुक्तेश्वर जनपद हापुड़ तथा शैंकी नागर पुत्र शरण सिंह निवासी शरीकपुर थाना सिंभावली जनपद हापुड़ को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि आरोपी व महिला टीचर पूर्व परिचित हैं। इस मामले की गहनता से जांच पड़ताल की जा रही है। पुलिस ने ईको वैन भी बरामद कर ली है।

**डेढ़ माह बाद ...**

उसकी जेब से मोबाइल फोन चोरी हो चुका था। उसने तुरंत इसकी सूचना थाना में जाकर पुलिस को दी।

पीड़ित का आरोप है कि पुलिस ने मोबाइल चोरी की शिकायत लेने से मना कर दिया। इसके बाद उसने यूपीकॉप पर अपना मोबाइल फोन चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

**दो मोबाइल टॉवर से ....**

सुशांत त्यागी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 8 मई की रात्रि को चोरों ने हौजरी कंपलेक्स में लगे मोबाइल टॉवर से आरआरयू, जंपर केबल, एसएफपी, पावर कनेक्टर, क्लैंप व अन्य उपकरण चोरी कर लिए।

वहीं थाना सेक्टर-39 में सुशांत त्यागी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि छलेरा गांव में लगे मोबाइल टावर से चोरों ने आरआरयू, फाइबर केबल, जंपर, पावर कनेक्टर अन्य सामान चोरी कर लिया। पुलिस का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

बता दें कि शहर में जगह-जगह लगे मोबाइल टॉवरों से आए दिन कीमती उपकरण चोरी होने की घटनाएं हो रही हैं। ग्रीन बेल्ट व सुनसान जगह पर लगे इन मोबाइल टॉवरों को अपना निशाना बना रहे हैं।

**विवाहिता व बेरोजगार....**

पुत्र मंजूर अली ने अपने घर में फांसी लगा ली। प्रारंभिक जांच में पुलिस को पता चला है कि शादाब बेरोजगार था। उसने अपनी मां से पैसे मांगे थे। उसकी मां ने पैसे देने से इनकार कर दिया था। इस बात से नाराज होकर शादाब ने अपने कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस का कहना है कि मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिले हैं। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है और पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं0:DCE-BL-10-2024**

उप मु0इं0/पुल लाईन/पूर्वोत्तर रेलवे/गोरखपुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-निविदा आमन्त्रित करते है-

क्र.स.1:-ई-निविदा सं0:-DCE-BL-10-2024, कार्य का विवरण: पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मण्डल के भटनी-मऊ खण्ड के बेल्थरा रोड-लार रोड के मध्य किमी 27/7-28/9 पर घाघरा नदी पर स्थित पुल सं0-31(18X61.0m), गोरखपुर- वाल्मिकिनगर खण्ड पर पनियहवाँ-वाल्मिकिनगर स्टेशनों के मध्य किमी 305/4-306/4 पर नारायणी नदी पर स्थित पुल सं0-50(14X61.0m) एवं भटनी-सिवान खण्ड पर नोनापार-भाटपाररानी स्टेशनों के मध्य किमी 426/1-3 पर गण्डक नदी पर स्थित पुल सं0-119 UP (7X24.4+1X12.2m) पर साईड पाथवे के बकाया कार्य। **अनुमानित लागत (रू0):** ₹5,01,13,607.36, **बयाने की राशि (रू0):** ₹4,00,600.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य-शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने के तिथि से कार्य की समापन अवधि-12 (बारह) माह।

ई-निविदा खुलने की तिथि दिनांक 30.07.2024 को 11.00 बजे, ई-निविदा की प्राप्ती की तिथि दिनांक 30.07.2024 को 10.59 बजे तक, ई-निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्तो का पूर्ण विवरण वेवसाईट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

उप मु0इं0/पुल लाईन गोरखपुर

मुजाधि/डब्लू-147

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर (यू पी.) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200

Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com raghuvanshirampal365@gmail.com raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in www.chetnamanch.com



# बाढ़ मुक्त असम का वादा... डबल इंजन की सरकार का सबसे बड़ा धोखा : राहुल गांधी



गुवाहाटी (एजेंसी)। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बाढ़ पीड़ितों से मिलने के लिए सोमवार को असम का दौरा किया। बाढ़ से 28 जिलों में लगभग 23 लाख की आबादी प्रभावित है। इस वर्ष बाढ़, भूस्खलन और तूफान में मरने वालों की संख्या 78 थी, जिसमें सिर्फ बाढ़ में 66 लोगों की मौत हुई, जबकि अधिकांश नदियों में जल स्तर खतरे के निशान से ऊपर बह रहा है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने राहत शिविर का दौरा कर पीड़ितों से मुलाकात की।

इसके बाद राहुल गांधी ने लिखा कि असम में बाढ़ से हुई भीषण तबाही दिल दहला देने वाली है, 8 साल के अविनाश जैसे मासूम बच्चों को हमसे छीन लिया गया। राज्य भर के सभी शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना। राहुल गांधी ने दावा किया कि अब तक राज्य में 60 से ज्यादा मौतें हुई हैं, 53,000 हजार से ज्यादा विस्थापित जबकि 24,00,000 प्रभावित हुए है। ये आंकड़े भाजपा की डबल इंजन सरकार के घोर और गंभीर कुप्रबंधन को दिखाता हैं, जो बाढ़ मुक्त असम के वादे के साथ सत्ता में आई थी।

राहुल गांधी ने कहा कि असम को अल्पावधि में उचित राहत, पुनर्वास और मुआवजे के लिए एक व्यापक और दयालु दृष्टि की आवश्यकता है। लंबी अवधि में बाढ़ को नियंत्रित करने के लिए एक अखिल-पूर्वोत्तर जल प्रबंधन प्राधिकरण की आवश्यकता है। मैं असम के लोगों के साथ खड़ा हूं, मैं संसद में उनका सिपाही हूं और मैं केंद्र सरकार से राज्य को शीघ्रता से हर संभव सहायता और समर्थन देने का आग्रह करता हूं।

वहीं, मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि बाढ़ प्रभावित जिलों में सभी राहत शिविरों में पूरी व्यवस्था की गई है और स्थिति सामान्य होने तक आवश्यक वस्तुओं का पर्याप्त भंडार रखा गया है। उन्होंने कहा कि बाढ़ राहत शिविरों की सुरक्षा और स्वच्छता सरकार की प्राथमिकता है और उनकी टीम वहां रह रहे लोगों के संपर्क में है। वर्तमान में, 28 जिलों में 3,446 गांवों के लगभग 23 लाख लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं, जबकि बाढ़ की दूसरी लहर से 68,432.75 हेक्टेयर फसल भूमि जलमग्न हो गई है।

## मणिपुर के लोग कई सालों से अपने पीएम की राह देख रहे : मनोज झा

पटना। राष्ट्रीय जनता दल सांसद मनोज झा ने नेता प्रतिपक्ष और सांसद राहुल गांधी के मणिपुर दौरे को लेकर पीएम मोदी पर हमला बोला। उन्होंने नीट के मुद्दे पर भी सरकार को घेरा। मनोज झा ने राहुल गांधी के मणिपुर दौरे पर कहा कि मणिपुर के लोग पिछले कई सालों से अपने पीएम मोदीजी की राह देख रहे हैं। क्या पीएम मोदी का फर्ज नहीं बनता की वह वहां जाएं? राहुल गांधी तीसरी बार वहां गए हैं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी मणिपुर नहीं जाते हैं, मणिपुर का जिक्र नहीं करते, लोगों को इससे तकलीफ होती है। पीएम मोदी को यह समझना होगा कि वह देश के प्रधानमंत्री हैं। पीएम मोदी के रूस दौरे पर उन्होंने कहा कि पीएम मोदी विदेश जा रहे हैं, वहां घरेलू राजनीति की आलोचना नहीं करनी चाहिए। रूस से संबंधित बहुत सारे गंभीर मुद्दे हैं, रुस-यूक्रेन युद्ध है, पाकिस्तान और रूस के बीच भी कुछ मामला है। मुझे लगता है कि पीएम मोदी को इन सब मुद्दों पर बात करनी चाहिए। नीट परीक्षा को लेकर उन्होंने कहा कि मैं नतीजों का इंतजार कर रहा हूं। लाखों बच्चों के भविष्य के साथ सरकार ने खिलवाड़ किया है। एनटीए को फॉड संस्था बताते हुए उन्होंने कहा कि इसको उखाड़ कर बंगाल की खाड़ी या अरब सागर में फेंक देना चाहिए। हाथरस की घटना पर उन्होंने कहा इस देश को क्या हो गया है। हर रोज नए बाबा पैदा हो रहे हैं। कोई जूता सुंघा रहा है, देश में धर्म की हवा चल रही है। देश ने अपने यूएसपी खो दी है, उन घरों का क्या हो रहा होगा जिनके घर के चिराग बुझ गए?

## महिला होकर महिलाओं के साथ अत्याचार पर चुप्पी.....ममता पुतला फूंका

रेवाड़ी। हिंदू धर्मशास्त्रों के अनुसार जहां नारी का सम्मान होता है, वहां देवताओं का वास होता है। लेकिन, बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी स्वयं एक महिला हैं और उन्हीं की शह पर राज्य में महिलाओं पर न केवल असहनीय अत्याचार हो रहे हैं, बल्कि उनकी अस्मत के साथ खिलवाड़ हो रहा है। और ममता चुप्पी साधे हुए हैं। यह कहना है भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारियों व महिला कार्यकर्ताओं का। जिन्होंने इसके विरोध में ममता का पुतला फूंककर जिला उपायुक्त के माध्यम से केंद्रीय गृहमंत्री को ज्ञापन सौंपकर पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच व दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने की गुहार लगाई है। बंगाल में महिलाओं पर हो रहे अत्याचार से आक्रोशित भाजपा महिला मोर्चा की महिलाओं ने कहा कि बड़े शर्म की बात है कि महिला मुख्यमंत्री के सबकुछ संज्ञान में होने के बाद किस कदर उन्हीं के राज्य में महिलाओं की ये दुरशाश हो रही है। उन्होंने स्मृति ईरानी के उस बयान को भी मीडिया के सामने रखा जिसमें उन्होंने ममता बनर्जी पर आरोप लगाया कि ममता की शह पर उनके गुंडे पहले महिलाओं की रेकी कर उन्हें उठाकर ले जाते हैं और तब तक नहीं छोड़ते जब तक उनका मन नहीं भर जाता।

## उत्तराखंड में भारी बारिश.....उधमसिंह नगर से 100 लोगों को किया रेस्क्यू

उत्तराखंड । उत्तराखंड में मानसून की भारी बारिश लगातार पूरे प्रदेश में अपना कहर दिखा रही है। कुमाऊं से लेकर गढ़वाल तक हर जगह भारी बारिश से परेशानी दिख रही है। उधमसिंह नगर के खटीमा में चकरपुर में करीब 100 लोग भारी बारिश के कारण फंस गए थे। सूचना मिलने पर एसडीआरएफ की टीम बैकअप के तौर पर उधमसिंह नगर के खटीमा में चकरपुर पहुंची। उसके बाद लगभग 100 लोगों का सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया। दूसरी ओर चंपावत के बनबसा में भी लगातार भारी बारिश हो रही है, जिसके कारण कई क्षेत्रों में जलभराव हो गया है। यहां भी कई लोगों के फंसे होने की सूचना दी गई। जिसके बाद एसडीआरएफ की टीम ने 110 लोगों का सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया। अभी एसडीआरएफ की पांच टीम रेस्क्यू अभियान चला रही है। भारी बारिश की चेतावनी के बाद आर्मी और एसडीआरएफ दोनों ही मोर्चा संभाले हुए है। वहीं, लोगों से सावधानी बरतने की अपील भी की गई है।

## नेपाल में बारिश..... यूपी के महाराजगंज में बाढ़ से फसलों को नुकसान

लखनऊ। नेपाल में हो रही मूसलाधार बारिश से नारायणी नदी में पानी छोड़ने से भारत के तराई इलाके में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। यह देखकर प्रशासन ने बाढ़ अलर्ट जारी कर दिया है। नेपाल की तरफ से सोमवार को 4 लाख 41 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया, जिससे सोहगीबरवा सहित कई गांव में बाढ़ का पानी घुस गया। वहीं सैकड़ों एकड़ फसल भी जलमग्न हो गई। जिलाधिकारी ने नदियों में बढ़ते जल स्तर के दृष्टिगत झूलनीपुर बैराज और सोहगीबरवा क्षेत्र का निरीक्षण कर हालात का जायजा लेकर सभी को अलर्ट रहने के निर्देश दिए। महाराजगंज जिले में बहन वाली नारायणी नदी का जलस्तर अचानक बढ़ गया। सोहगीबरवा के लोगों ने बताया कि अचानक नदियों का जलस्तर बढ़ने से गन्ने और धान की फसल को नुकसान पहुंचा है और गांव वालों को फिर बाढ़ का खतरा सता रहा है। दरअसल, नेपाल से भारतीय क्षेत्र में बहकर आने वाली नदियों और नालों के उफान से हर साल एक तरफ जहां सैकड़ों एकड़ फसल बर्बाद हो जाती है, वहीं जनपद के कई इलाके बाढ़ से पूरी तरह घिर जाते हैं। कई दर्जन गांवों का संपर्क पूरी तरह टूट जाता है और लोगों को अपना घर बार छोड़कर ऊंची जगहों पर जाने को मजबूर होना पड़ता है।

## पत्नी को वापस बुलाने टंकी पर चढ़ा पति, पुलिस ने किया गिरफ्तार, थमाया 05 लाख का नोटिस

चूरू। प्रेमी के साथ लिव इन में रह रही पत्नी को वापस बुलाने की मांग को लेकर पानी की टंकी पर चढ़ा पति उस समय हैरान रह गया जब पुलिस ने उसे पांच लाख रुपए का नोटिस भेज दिया। यह शख्स अपनी मांग को लेकर करीब चार घंटे तक जलदाय विभाग की पानी टंकी पर चढ़ा रहा। उसे नीचे उतारने पुलिस प्रशासन चार घंटे वहां मशक्कत करता रहा। आखिरकार समझाइस के बाद उसे नीचे उतर लिया गया। नीचे उतरने के बाद उस व्यक्ति पर पुलिस ने उसे शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार किया बल्कि पुलिस फोर्स और अन्य संसाधनों के खर्च का भुगतान करने के लिए पांच लाख रुपये का नोटिस भी थमा दिया। चूरू पुलिस उपाधीक्षक ने बताया कि शहर के वन विहार कॉलोनी में स्थित जलदाय विभाग की टंकी पर चढ़कर प्रदर्शन करने वाले शख्स को कोतवाली पुलिस ने नीचे उतार कर गिरफ्तार कर लिया है। डीएसपी के मुताबिक सरदारशहर निवासी राशिद अपनी पत्नी सायना को प्रेमी से बरामद कर उसके साथ भेजने की मांग को लेकर पानी की टंकी पर चढ़ गया था। उसकी पत्नी सायना बीते दो माह से अपने प्रेमी आबिद के साथ लिव इन में रह रही है। उसने पुलिस और प्रशासन का करीब चार घंटे का समय खराब किया है। मौके पर लगाए गए पुलिस और प्रशासन की ओर से सुरक्षा प्रदान कराने की एवज में उसे 5 लाख रुपये का नोटिस अलग से दिया है। जलदाय विभाग की ओर से पेश की गई रिपोर्ट पर राशीद के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## फिर एक बार कच्छ में भूकंप का झटका, कोई नुकसान नहीं

कच्छ। कच्छ में एक बार फिर भूकंप का झटका महसूस किया गया है। भारत-पाक सीमा पर 2.6 तीव्रता का झटका महसूस किया गया। सुबह 4.45 बजे झटका लगने से लोगों में दहशत फैल गई। जानकारी के मुताबिक भूकंप का केंद्र खावड़ा से 34 किलोमीटर दूर दर्ज किया गया। राहत की बात है कि भूकंप की तीव्रता कम होने के कारण किसी के हताहत होने या क्षति की कोई खबर नहीं है। आपको बता दें कि इससे पहले कच्छ के भचाऊ के धोलावीरा इलाके में भूकंप आया था। यहां 2.8 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया था। उसमें भी कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ। भूकंप का झटका महसूस करने वाले लोगों में डर का माहौल देखा गया। भूकंप का केंद्र पाकिस्तान के पास धोलावीरा से 100 किलोमीटर दूर दर्ज हुआ था।

## बिहार में वज्रपात का कहर.... 24 घंटे में 12 की मौत

पटना । बिहार के सात जिलों में पिछले 24 घंटे के दौरान वज्रपात की चपेट में आने से 12 लोगों की मौत हुई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वज्रपात से हुई मौत पर गहरी संवेदना जाहिर कर कहा कि आपदा की इस घड़ी में वे प्रभावित परिवारों के साथ हैं। सीएम हाउस से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, पिछले 24 घंटे के दौरान वज्रपात की चपेट में आकर जमुई और कैमूर में तीन-तीन, रोहतास में दो, सारण, सहरसा, भोजपुर और गोपालगंज में एक-एक व्यक्ति की मौत हो गई है। नीतीश ने मृतक के परिजनों को आज ही चार-चार लाख रूपये की अनुग्रह राशि देने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने अपील की है कि सभी लोग खराब मौसम में पूरी तरह से सतर्कता बरतें, वज्रपात से बचाव के लिए आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा समय-समय पर जारी किए गए सुझावों का अनुपालन करें, खराब मौसम के दौरान घरों में रहें और सुरक्षित रहें।

## बब्बर खालसा का आतंकवादी पकड़ाया, हथियार गोला-बारुद बरामद

चंडीगढ़। पंजाब पुलिस ने सिमरनजीत बबलू को गिरफ्तार किया है, जो बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) का सदस्य है। सिमरनजीत पूर्व आतंकवादी रतनदीप सिंह की हत्या करने के मामले में भी शामिल था। पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने सोमवार को एक्स पर जानकारी देते हुए लिखा-इस मॉड्यूल को पाकिस्तान स्थित आतंकवादी हरविंदर रिंदा और अमेरिका स्थित गोपी नवांशहरिया संचालित कर रहा था। उन्होंने कहा कि सिमरनजीत के पास से भारी मात्रा में गोला-बारूद और अत्याधुनिक हथियार बरामद किए गए हैं। आगे की जांच जारी है। इस बीच बीएसएफ ने कहा कि दो अलग-अलग तलाशी अभियानों में एक पाकिस्तानी ड्रोन और हेरोइन का एक पैकेट बरामद किया गया है। बरामद ड्रोन चीन में बना है। इसकी पहचान डीजेआई माविक-3 क्लासिक के रूप में की गई है। अधिकारियों ने बताया कि खुफिया जानकारी और बीएसएफ जवानों की सक्रियता से एक बार फिर सीमा पार तस्करों के नापाक मंसूबों को नाकाम करने में सफलता मिली है।

## रुपौली सीट.... एनडीए और इंडिया के लिए प्रतिष्ठा का सवाल

पूर्णिया (एजेंसी)। पूरे बिहार में एकमात्र पूर्णिया जिला के रुपौली विधानसभा सीट पर उपचुनाव होने है। लिहाजा चुनावी सरगर्मी तेज है। सभी पार्टी के बड़े-बड़े नेता रुपौली आकर अपने लोक लुभावन बयानों से जनता को लुभाने का प्रयास कर रहे हैं। इस उपचुनाव में कुल 11 प्रत्याशी मैदान में है, जिसमें त्रिकोणीय मुकाबला है। एक ओर जहां जदयू छोड़कर राजद में आई बीमा भारती राजद की प्रत्याशी हैं। वहीं जदयू ने एक शिक्षक कलाधर मंडल को अपना उम्मीदवार बनाया है। इधर लोजपा से पूर्व में विधायक रह चुके शंकर सिंह टिकट नहीं मिलने पर निर्दलीय मैदान में उतरे हैं। वहीं सब की निगाहें सांसद पप्पू यादव पर भी टिकी है। रूपौली उपचुनाव में जहां एनडीए ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी से लेकर करीब दो दर्जन मंत्री और सांसद, विधायक लगातार क्षेत्र में कैंपेन कर रहे हैं। वहीं राजद की तरफ से भी तेजस्वी यादव मोर्चा संभल रहे है। वहीं शक्ति यादव सहित कई विधायक और पूर्व मंत्री लगातार क्षेत्र में घूम-घूम कर प्रचार कर रहे हैं।

चुनाव में जहां एनडीए के निशाने पर बीमा और शंकर सिंह दोनों हैं। मुख्यमंत्री नीतीश ने बीमा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जिन्हें बोलना और पढ़ना नहीं आता था उस हमने मंत्री बनाया। आज हमको ही छोड़कर भाग गई। यह भी कहा कि अब तक उन्होंने 10 लाख से अधिक नौकरी दी है। अगले साल तक 22 लाख रोजगार दिए जाएंगे। नीतीश ने अपने चिर परिचित अंदाज में परिवारवाद पर लालू यादव पर भी जमकर कटाक्ष कर कहा कि कुछ लोग शादी कर 9 बच्चे पैदा करते हैं और अपने ही परिवार के बारे मे सोचते हैं। वहीं उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सभा को संबोधित कर कहा था कि बीमा लोकसभा में राजद की प्रत्याशी थी। लेकिन, उन्हें राजद वालों ने ही वोट नहीं दिया। उन्होंने कहा कि कुछ लोग लोजपा के नाम पर लोगों को गुमराह कर रहे हैं। लेकिन यहां एनडीए का एक ही प्रत्याशी है कलाधर मंडल। चौधरी ने कांग्रेस पर निशाना साधकर कहा कि कांग्रेस की हालत लूडो के 99 की हो गई है।

# सुप्रीम कोर्ट ने माना पेपर लीक हुआ, अगली सुनवाई 11 जुलाई को

**-एनटीए और सरकार ने अब तक आरोपियों को पहचानने के लिए क्या कदम उठाए**



नई दिल्ली (एजेंसी)। मेडिकल एंट्रेंस परीक्षा नीट-2024 विवाद पर सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने साफ कहा है कि पेपर लीक हुआ है सवाल ये है कि इसका दायरा कितना बड़ा है। ये समझना जरूरी है कि पेपर लीक कितना व्यापक है? सिर्फ दो लोगों की चीटिंग की वजह से पूरी परीक्षा रद्द नहीं की जा सकती है। कोर्ट ने कहा हम जानना चाहते हैं कि एनटीए और सरकार ने अब तक पेपर लीक के आरोपियों को पहचानने के लिए क्या कदम उठाए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने अब इस मामले की सुनवाई 11 जुलाई तय की है।

ये भी ध्?यान देने की बात है कि लीक कैसे हुआ। अगर पेपर सोशल मीडिया से लीक हुआ तो लीक व्?यापक हो सकता है। अगर लीक टेलीग्राम, व्हाट्सएप जैसे इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से हुआ, तो ये जंगल में आग की तरह फैला हो सकता है। दूसरी ओर, अगर लीक 5 तारीख की सुबह हुआ है, तो इसके फैलने का समय सीमित रहा है।

मेडिकल एंट्रेंस परीक्षा नीट-2024 विवाद पर सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। आज सुनवाई के दौरान सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने पूछा, किस आधार पर दोबारा परीक्षा की मांग कर रहे हैं? सीनियर वकील नरेंद्र हुड्डा अगर सिस्टम लेवल पर गलती पाई जाती है, तो पूरी परीक्षा की पवित्रता से समझौता होगा। गलत तरीकों से रैंक लाने वालों की पहचान नहीं हो पा रही है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, हम ऐसे एक भी कैंडिडेट को आगे नहीं बढ़ने देंगे जिसने गलत तरीकों का इस्?तेमाल किया है।

अदालत 38 याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई कर रहा है। इनमें से 34 याचिकाएं छात्रो, शिक्षकों और कोचिंग इंस्टीट्यूट्स ने दायर की हैं, जबकि चार याचिकाएं नेशनल टेस्टिंग एजेंसी एनटीए ने लगाई हैं। 50 से ज्यादा याचिकाएं दोबारा परीक्षा के खिलाफ याचिका लगाई है। बता दें इस साल 5 मई को नीट परीक्षा हुई थी। 571 शहरों के 4,750 परीक्षा केंद्रों पर करीब 24 लाख अभ्यर्थी शामिल हुए थे। लेकिन यह परीक्षा विवादों में आ गई। पेपर लीक और 1563 छात्रों को ग्रेस मार्क देने के बाद कई छात्रों ने धांधली और गड़बड़ी का आरोप लगाया था। इसे लेकर कई शहरों में विरोध प्रदर्शन हुए। विपक्षी दलों ने संसद में यह मुद्दा उठाया।

# रथ खींचते समय जगन्नाथ यात्रा में मची भगदड़, एक की मौत, 15 घायल

**- सीएम माझी ने की चार लाख रुपए अनुग्रह राशि देने की घोषणा**



भुवनेश्वर (एजेंसी)। ओडिशा के पुरी में रविवार से जगन्नाथ यात्रा की शुरुआत हो गई है। इस दौरान एक घटना घटी जिसमें भगवान जगन्नाथ की रथ खींचने के दौरान भगदड़ मच गई। जिसमें एक श्रद्धालु की मौत हो गई, जबकि 15 लोग घायल हो गए। घायलों को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनमें ज्यादातर लोगों को मामूली चोटें आईं थी उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। गंभीर रूप से घायलों का उपचार जारी है। मृतक की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। बताया जा रहा है कि वह ओडिशा से बाहर का रहने वाला था।

जानकारी के मुताबिक यह दुर्घटना भगवान बलभद्र का रथ खींचने के दौरान हुई। रथ खींचने समय एक व्यक्ति जमीन पर गिर गया और बाद में उसकी मृत्यु हो गई। घटना के बाद वहां भगदड़ मच गई, जिससे 15 लोग घायल हो गए। इस बीच, ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने मृतक के परिजन को चार लाख रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की है।

बता दें हर साल जगन्नाथ रथ यात्रा में लाखों श्रद्धालु आते हैं। इस दिन भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा अपनी मौसी गुंडिचा के मंदिर की यात्रा पर निकलते हैं। धार्मिक मान्यता है कि पुरी में अनेक प्रकार के व्यंजन खाने के बाद जगन्नाथ बीमार पड़ जाते हैं, लेकिन स्नान पूर्णिमा पर स्नान करने के बाद वह ठीक हो जाते हैं और रथ यात्रा पर सवार होकर अपने भाई-बहनों के साथ अपनी मौसी के पास जाते हैं।

रथ यात्रा शुरू होने से पहले की रस्में रविवार को ही पूरी कर ली गई थीं। दोपहर 2.30 बजे जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा अपने-अपने रथों पर सवार हुए। भगवान को सामान्य समय से दो घंटे पहले जगाया और मंगला आरती सुबह चार बजे के बजाय दो बजे की गई। मंगला आरती के बाद 2.30 बजे दशावतार पूजा की गई। दोपहर 3 बजे नैत्रोत्सव मनाया और शाम 4 बजे पुरी के राजा ने पूजा की। सुबह 5.10 बजे सूर्य पूजा की गई। 5.30 बजे द्वारपाल पूजा हुई। सुबह 7 बजे भगवान को खिचड़ी का भोग-प्रसाद अर्पित किया। उल्लेखनीय है कि 53 सालों के बाद ऐसा हुआ है कि नबाजौबन दर्शन, नेत्र उत्सव और रथ यात्रा एक ही दिन आयोजित किए गए।

# 2027 की तैयारी में मायावती... पांच जिले की कार्यकारिणी में बदलाव



लखनऊ (एजेंसी)। लोकसभा चुनाव में मिली करारी हार के बाद बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने संगठन में बड़ा बदलाव किया है। बसपा ने पांच जिले की कार्यकारिणी में बदलाव किया। बसपा मुखिया और पूर्व सीएम मायावती ने 2027 के चुनाव के लिए रणनीति बनानी शुरू कर दी है। लखनऊ, प्रयागराज, रायबरेली, प्रतापगढ़ और उन्नाव के लिए नई जिला कमेटियां गठित की हैं। बसपा की तरफ से जारी किए गए पत्र में बताया गया है कि पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के आदेश पर नई कार्यकारिणी बनाई गई है। लखनऊ की जिला कमेटी में बदलाव किए गए हैं और राकेश जायसवाल को इसका उपाध्यक्ष बनाया गया है।

वहीं रामशंकर गौतम को जिला सचिव बनाया गया है। इसके अलावा युसुफ गाजी को जिला खजांची नियुक्त किया गया है। विशाल कांशी और कुलदीप रावत को जिला कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है। वहीं विजय चौधरी को बीवीएफ संयोजक और आरके बर्मन को जिला संयोजक बामसेफ बनाया गया है। इस तरह के उन्नाव जिले की जिला कमेटी में पदाधिकारीगण मनोनीत किए गए हैं। मूलचन्द्र लोधी को जिला उपाध्यक्ष सुदामा पासी को जिला महासचिव जबकि जिला सचिव अमर सिंह गौतम जिला खजांची रईस वेग, जिला कार्यकारिणी सदस्य सतीश पासी और बीरेन्द्र गौतम बने हैं। जिला बी.वी.एफ संयोजक नरेश भारती और रामनरेश गौतम को जिला संयोजक बामसेफ बनाया गया है।

रायबरेली की जिला कमेटी में रामविलास लोधी को जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। जिला महासचिव की जिम्मेदारी संदीप कुमार रावत को दी गई है। वहीं दिनेश पाल को जिला सचिव बनाया गया है। जिला खजांची मो. फारूख, जिला कार्यकारिणी सदस्य मंगल प्रसाद, चन्द्रकेश बने हैं। जिला बी.वी.एफ संयोजक अमरनाथ कोरी और बामसेफ का जिला संयोजक अनिल कान्त को बनाया गया है। जनपद प्रतापगढ़ की जिला कमेटी में जिला उपाध्यक्ष अनवर अली, जिला महासचिव नीरज पासी, जिला सचिव रामआसरे आर्या, जिला खजांची उमाकांत पांडेय, जिला कार्यकारिणी सदस्य उमाशंकर पाल और बांके लाल पटेल बने हैं। जिला बीवीएफ संयोजक की जिम्मेदारी धर्मराज गौतम को मिली है। जबकि जिला संयोजक बामसेफ राजाराम गौतम बने है।

इसतरह प्रयागराज की जिला कमेटी में जिला उपाध्यक्ष अब्दुल रहमान, जिला महासचिव बुद्धि प्रकाश भारती (पासी), जिला सचिव आकाश वर्मा, जिला खजांची मनोज पाल, जिला कार्यकारिणी सदस्य भोला चौधरी और अतुल कुमार बने हैं। जिला बीवीएफ संयोजक लालचंद गौतम बने हैं। जबकि बामसेफ का जिला संयोजक राम निवास को बनाया गया है। लोकसभा चुनाव 2024 में बसपा को उत्तर प्रदेश में एक भी सीट नहीं मिली। पार्टी ने नए सिरे से तैयारी शुरू कर दी है। अभी हाल में यूपी में दस सीटों पर उपचुनाव होने हैं। उसकी भी तैयारी शुरू हो गई है।

# राहुल गांधी के मणिपुर-असम दौरे को लेकर कांग्रेस-भाजपा में छिड़ा वाकयुद्ध

नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सोमवार को हिंसा प्रभावित मणिपुर जाने से पहले असम के कछार जिले में बाढ़ प्रभावित लोगों से मुलाकात की। लोकसभा में विपक्ष के नेता बनने के बाद राहुल गांधी का यह पहला पूर्वोत्तर दौरा है। राहुल गांधी का असम दौरा ऐसे समय में हुआ है, जब राज्य में कई दिनों से मूसलाधार बारिश के कारण भयंकर बाढ़ आई हुई है, जिससे भूस्खलन हो रहा है और नदियां उफान पर हैं। इस बाढ़ से 28 जिलों के करीब 22.70 लाख लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं।

इस बीच राहुल गांधी के मणिपुर और असम दौरे को लेकर कांग्रेस और भाजपा के बीच वाकयुद्ध छिड़ गया। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने पीएम मोदी पर साधा निशाना। उन्होंने पीएम मोदी की रूस की आगामी यात्रा और जातीय हिंसा भड़कने के बाद मणिपुर की यात्रा न करने को लेकर उनकी आलोचना की। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि आज, गैर-जैविक प्रधानमंत्री मॉस्को की यात्रा कर रहे हैं, जबकि लोकसभा में विपक्ष के नेता असम और मणिपुर जा रहे हैं। बेशक, गैर-जैविक प्रधानमंत्री के ढोल पीटने वालों ने दावा किया है कि उन्होंने कुछ समय के लिए रूस-यूक्रेन युद्ध को रोक दिया है। उन्होंने कहा कि संभवतः पीएम की मॉस्को की यह यात्रा और भी विचित्र दावों को जन्म देगी।

उन्होंने कहा कि 14 महीने पहले राज्य में हुए विस्फोट के बाद से राहुल गांधी का मणिपुर का यह तीसरा दौरा है। गैर-जैविक प्रधानमंत्री को 3 मई, 2023 को गंभीर संकट के उभरने के बाद भी मणिपुर का दौरा करने का समय नहीं मिला और न ही उनकी इच्छा थी। उन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री-जो उनकी अपनी पार्टी से हैं और विधायकों और सांसदों समेत राज्य के अन्य राजनीतिक नेताओं से भी मुलाकात नहीं की।

वहीं भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने कांग्रेस नेता जयराम रमेश पर पलटवार करते हुए कहा कि राहुल गांधी पर आरोप लगाया कि मणिपुर में हिंसा कांग्रेस की विरासत है। उन्होंने ट्वीट कहा कि मणिपुर में जातीय संघर्ष कांग्रेस पार्टी की विरासत है। राज्य में दशकों से नागरिकों, पुलिस और सेना के जवानों की हत्याएं होती रही हैं, जबकि कांग्रेस सत्ता में थी।

उन्होंने कहा कि तीसरी बार असफल हुए राहुल गांधी को भूल जाइए, क्या पीएम मनमोहन सिंह समेत किसी भी कांग्रेस नेता ने जो असम से राज्यसभा के सदस्य थे, संघर्षग्रस्त क्षेत्र का दौरा किया। बालक बुद्धि केवल बीमार त्रासदी पर्यटन में लिप्त है।

बता दें कि असम में कई स्थानों पर ब्रह्मपुत्र, बराक और उसकी सहायक नदियों सहित नौ नदियां खतरे के निशान से ऊपर हैं। हालांकि, गुवाहाटी में ब्रह्मपुत्र का जलस्तर घट रहा है। इससे पहले असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने बाढ़ के प्रभाव का आकलन करने और प्रभावितों को राहत वितरण के लिए बाढ़ राहत शिविरों का दौरा किया था।

# दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय में भारत को करनी होगी बेहतर गेंदबाजी

**चेन्नई (एजेंसी)।** भारतीय महिला टीम तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में मंगलवार को यहां आखिरी मैच में जब दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैदान में उतरेगी तक उसके सामने जीत दर्ज कर इसे 1-1 से बराबर करने की चुनौती होगी। इसके लिए हालांकि भारतीय गेंदबाजों को अपने प्रदर्शन के स्तर को ऊंचा उठाना होगा जिसके खिलाफ दक्षिण अफ्रीका ने पहले मैच में नौ विकेट पर 189 रन बनाकर 12 रन से जीत दर्ज की।

दूसरे मैच में बारिश के कारण भारत को बल्लेबाजी का मौका नहीं मिला लेकिन गेंदबाजों ने इस मुकाबले में भी छह विकेट पर 177 रन लुटाए थे। तीसरे टी20 में पर भी खराब मौसम का खतरा मंडरा रहा है क्योंकि मंगलवार को भी बारिश की 30 से 40 प्रतिशत संभावना है। दोनों मैचों में दो-दो विकेट लेने वाली पूजा वस्त्राकर और स्पिनर दीप्ति शर्मा को छोड़कर, अधिकांश भारतीय गेंदबाज प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे है।

रेणुका सिंह के पहले मैच में असरहीन रहने के बाद दूसरे मुकाबले में सजीवन सजना को मौका मिला लेकिन इससे भी टीम को कोई फायदा नहीं हुआ। श्रेयंका पाटिल और राधा यादव ने रविवार को एक-एक विकेट लिया लेकिन यह दोनों गेंदबाज भी रन रोकने में नाकाम रहे। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर चाहेंगी कि श्रृंखला दांव पर होने के कारण उनके गेंदबाज कड़ी मेहनत करें।

बल्लेबाजी के मोर्चे पर पहले मैच में भारतीयों ने अच्छा प्रदर्शन किया है। जेमिमा रोड्रिग्स (नाबाद 53), स्मृति मंधाना (46), हरमनप्रीत (35), शेफाली वर्मा (18) और दयालन हेमलता (14) ने बल्ले से अच्छा योगदान दिया। टी20 में रविवार को पदार्पण करने वाली विकेटकीपर उमा छेत्री के टीम में बने रहने की संभावना है। टीम प्रबंधन बल्ले से उनके योगदान को देखना चाहेगा।

दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीका के लिए तजमिन ब्रिट्स ने लगातार दो अर्धशतक लगाकर शानदार लय में होने का सबूत दिया है। ब्रिट्स के अलावा, कप्तान लौरा वोल्वार्ट, मारिजान कप्प और एनेके बॉश ने भी तेजी से रन बनाये है।



दक्षिण अफ्रीका की एकमात्र चिंता चोट से वापसी करने वाली बल्लेबाज क्लो ट्रायोन हैं। वह दोनों मैचों में प्रभाव छोड़ने में नाकाम रही है। बांग्लादेश में आगामी टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए, ट्रायोन खुद को साबित करने के लिए बेताब होगी।

### टीम

**भारत महिला** = हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), उमा छेत्री (विकेट कीपर), ऋचा घोष (विकेट कीपर), दयालन हेमलता, जेमिमा रोड्रिग्स, शेफाली वर्मा, अमनजोत कौर, श्रेयंका पाटिल, सजीवन सजाना, दीप्ति शर्मा, आशा शोभना, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह, शबनम शकील, पूजा वस्त्रकार और राधा यादव।

**दक्षिण अफ्रीका महिला** = लौरा वोल्वार्ट (कप्तान), तजमिन ब्रिट्स, मीके डी रिडर (विकेट कीपर), सिनालो जाफ्ता (विकेट कीपर), एनेके बॉश, नादिन डी क्लार्क, एनेरी डर्कसेन, मारिजान कप्प, सुने लुस, क्लो ट्रायोन, अयाबोंगा खाका, मसाबाटा क्लास, एलिज़-मारी मार्क्स, नॉनकुलुलेको म्लाबा और तुमी सेखुखुने।

# जेसविन, अंकिता को विश्व रैंकिंग के जरिए भारतीय एथलेटिक्स टीम में मिली जगह




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जेसविन एल्ड्रिन (पुरुषों की लंबी कूद) और महिला वर्ग में अंकिता ध्यानी (पांच हजार मीटर दौड़) में विश्व रैंकिंग में जगह बनाने के बाद भारत की पेरिस ओलंपिक की एथलेटिक्स टीम में शामिल किया गया है।

दोनों एथलीटों के टीम में शामिल होने के साथ ही पेरिस ओलंपिक के लिए भारतीय एथलेटिक्स टीमें सदस्यों की संख्या अब 30 हो गई हैं। विश्व एथलेटिक्स ने आधिकारिक तौर पर जेसविन एल्ड्रिन और अंकितना ध्यान के भारतीय टीम में शामिल होने की पुष्टि की है। लंबी कूद के राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक एल्ड्रिन पुरुषों की लंबी कूद में 31वें स्थान पर हैं। उन्हें शीर्ष 32 एथलीटों में शामिल होने के कारण पेरिस में जगह बनाई है।

वहीं अंकिता महिलाओं की पांच हजार मीटर में 42वें स्थान पर हैं, जो कि उस स्पर्धा में कटऑफ रैंक है। अंकिता आगामी ग्रीष्मकालीन खेलों में इसी स्पर्धा में 29वें स्थान पर रहीं और हमवतन पारुल चौधरी पांच हजार मीटर की राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक के साथ जुड़ेंगी। अंकिता ध्यानी का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 15:28.08 है जो उन्होंने इस साल की शुरुआत में कैलिफोर्निया में ट्रैक फेस्ट में हासिल किया था। उन्होंने पिछले महीने इंटर-स्टेट एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 16:10.31 के समय के साथ स्वर्ण पदक भी जीता।

# अभिषेक सबसे तेज शतक लगाने वाले तीसरे भारतीय खिलाड़ी बने




**-केएल राहुल की बराबरी पर आये**

**हरारे (एजेंसी)।** जिम्बाब्वे दौरे पर गयी भारतीय क्रिकेट टीम के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने दूसरे टी20 मुकाबले में 46 गेंदों पर ही शतक लगा दिया। इसी के साथ ही अभिषेक ने भारतीय क्रिकेट इतिहास में संयुक्त रुप से तीसरा सबसे तेज शतक लगाया है। अभिषेक ने 7 चौके और 7 छक्कों की मदद से अपना शतक पूरा किया। वह शतक पूरा करने के बाद मस्कादजा की गेंद पर आउट हुए। भारतीय टीम की जीत में अभिषेक के शतक की अहम भूमिका रही। भारत की ओर से टी20 में सबसे तेज शतक रोहित शर्मा ने साल 2017 में 35 गेंदों पर बनाया था। वहीं दूसरे नंबर पर सूर्यकुमार यादव हैं। सूर्यकुमार ने साल 2023 में श्रीलंका के खिलाफ 45 गेंदों पर ही शतक लगा दिया गया है। वहीं केएल राहुल ने वेस्टइंडीज के खिलाफ साल 2016 में 46 गेंदों पर ही शतक दगा दिया था।

# टी20 विश्वकप में जीत के बाद विज्ञापन जगत में क्रिकेटरों की मांग बढ़ेगी

**मुम्बई (एजेंसी)।** टी20 विश्वकप में जीत के बाद भारतीय क्रिकेटरों की विज्ञापन जगत में भी मांग बढ़ी है। ऐसे में इनके विज्ञापन अनुबंध और बढ़ सकते हैं। इस जीत से खिलाड़ियों की ब्रांड वैल्यू भी बढ़ी है और उन्हें अधिक तादाद में नए विज्ञापन मिल सकते हैं। स्पोर्ट्स मार्केटिंग एजेंसियां भी इस जीत का लाभ उठाना चाहती हैं। कप्तान रोहित शर्मा, जसप्रीत बुमराह, सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पंड्या जैसे क्रिकेटर कई 89 ब्रांड्स का विज्ञापन करते हैं। इनके विज्ञापन करार देखने वाली एजेंसी ने विश्व कप से पहले ही लगभग 10 विज्ञापन करार कर लिए थे। आने वाले दिनों में इनके और बढ़ने की संभावना है।

रोहित और विराट कोहली प्रति करार के लिए 3.5 करोड़ रुपये से 7 करोड़ रुपये के बीच लेते हैं। वहीं, बुमराह, सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पंड्या जैसे अन्य शीर्ष खिलाड़ी 2 से 3 करोड़ रुपये में करार करते हैं। ऐसे में विश्वकप जीत के बाद विशेष रुप से बड़े खिलाड़ियों को विज्ञापन से ज्यादा कमाई होगी। इस बार गेंदबाजों को भी बड़े करार मिल सकते हैं क्योंकि विश्वकप में वे अपने शानदार प्रदर्शन के बाद से ही छाये हुए हैं। आईसीसी इवेंट में भारत की एक दशक के बाद हुई जीत से भी क्रिकेटरों के लिए नए ब्रांडों को अपनी ओर आकर्षित करने और वैश्विक विज्ञापन हासिल करने को मिलेंगे। उन्हें ब्रांड पोर्टफोलियो में दोहरे अंकों में ग्रोथ और विज्ञापन शुल्क के स्तर में बढ़ोतरी की उम्मीद है। उनके मौजूदा ब्रांड वैल्यू में भी 15 से 20 फीसदी की बढ़त हो सकती है।




# पेरिस ओलंपिक से पहले स्विटजरलैंड रवाना भारतीय हॉकी टीम

बेंगलुरू। भारतीय पुरूष हॉकी टीम पेरिस ओलंपिक से पहले स्विटजरलैंड में मशहूर माइक हार्न्स बेस के लिए रवाना हो गई जिसके बाद नीदरलैंड में एक अभ्यास शिविर में भाग लेगी। स्विटजरलैंड में 3 दिवसीय शिविर खिलाड़ियों को मानसिक रूप से मजबूत बनाने के लिए लगाया गया है। इसके बाद टीम नीदरलैंड में अभ्यास मैच खेलेगी और फिर पेरिस रवाना होगी। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि ओलंपिक से पहले आगामी अनुभव टीम को मानसिक और शारीरिक रूप से सर्वश्रेष्ठ स्थिति में रखने के लिये काफी उपयोगी होंगे। उन्होंने कहा कि हमने अभी बेंगलुरू में 2 सप्ताह का शिविर खत्म किया है। अब स्विटजरलैंड में माइक हॉर्न जा रहे हैं जो साहसिक गतिविधियों का केंद्र है। इसके बाद टीम नीदरलैंड और मलेशिया से अभ्यास मैच खेलेगी। भारतीय टीम 20 जुलाई को पेरिस पहुंचेगी। भारत को ओलंपिक में पहला मैच 27 जुलाई को न्यूजीलैंड से खेलना है जिसके बाद 29 जुलाई को अर्जेंटीना से, 30 जुलाई को आयरलैंड और एक अगस्त को बेल्जियम से मुकाबला है। आखिरी ग्रुप मैच 2 अगस्त को आस्ट्रेलिया से खेलना है। भारत को नॉकआउट में पहुंचने के लिये शीर्ष 4 में रहना होगा।

HOCKEY INDIA

# ओलंपिक पदक से बदलती है कई लोगों की जिंदगी : साक्षी मलिक

मुंबई। महिला पहलवान साक्षी मलिक और शीर्ष जिम्नास्ट दीपा करमाकर ने कहा है कि ओलंपिक पदक जीतने का सपना केवल खिलाड़ी का ही नहीं बल्कि उसके पूरे परिवार का होता है। ओलंपिक कांस्य पदक विजेता साक्षी ने कहा है कि पदक केवल खिलाड़ी की ही नहीं बल्कि उससे जुड़े लोगों की भी जिंदगी बदल देता है। इससे उभरती हुई प्रतिभाओं को प्रेरणा मिलती है। साक्षी ने कहा कि पदक विजेता के साथ ही उसके आसपास का माहौल भी बदलने लगता है और लोगों का ध्यान खेल पर जाता है। वे समझ जाते हैं कि इसमें भी कैरियर बन सकता है। साथ ही कहा कि जब मैंने पदक जीता था उसके बाद मैरे गृहनगर रोहतक में खेल की सुविधाएं बढ़ीं। बेहतर स्टेडियम बने हैं। यहां तक कि मेरे गांव में भी एक स्टेडियम बन गया है। इससे उभरते बच्चों को खेल की बेहतर सुविधाएं मिलती है।



इसके साथ ही उनके राज्य में कुश्ती का शौक तेजी से बढ़ा है। इसके साथ ही महिला पहलवानों की सफलता को देखतकर कई लड़कियां भी इस खेली में आ रही हैं। इस प्रकार लड़कियों ने साबित कर दिया है कि वे भी कुश्ती में आगे बढ़ सकती हैं। वहीं जिम्नास्ट दीपा ने कहा कि 2016 के रियो ओलंपिक के बाद त्रिपुरा में बहुत कुछ बदल गया है। पहले लोगों की सोच थी कि वे जिमनास्टिक में नहीं जा सकते पर अब ऐसा नहीं है। और अब त्रिपुरा में तेजी से बच्चे इस खेल में आ रहे हैं। इसके अलावा खेल की सुविधाएं भी पहले से बेहतर हुई हैं और कई प्रशिक्षण केन्द्र भी खुल गये हैं।

# साबले ने राष्ट्रीय स्टीपलचेज रिकॉर्ड तोड़ा, पेरिस डायमंड लीग में रहे छठे स्थान पर

**पेरिस (एजेंसी)।** भारतीय धावक अविनाश साबले ने रफ्तार और धैर्य एवं सहनशक्ति का परिचय के साथ शानदार प्रदर्शन करते हुए पेरिस डायमंड लीग 2024 में पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपलचेज़ में अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया।

अविनाश साबले महाराष्ट्र के रहने वाले हैं और वह भारत के प्रमुख भारतीय स्टीपलचेज धावकों में से एक हैं। पेरिस में ओलंपिक खेल कुछ ही हफ्ते दूर हैं, साबले ने अपने पिछले रिकॉर्ड से एक सेकंड कम के साथ 8:09.91 का शानदार समय निकाला। सितारों से सजे मैदान में प्रतिस्पर्धा करते हुए, वह रविवार को चार्लेटी स्टेडियम में छठे स्थान पर रहे। साबले का पिछला सर्वश्रेष्ठ समय 8:11.20 था, जो उन्होंने दो साल पहले बर्मिंघम में राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीतकर हासिल किया था।

डायमंड लीग में, इथियोपिया के अब्राहम सिमे 8:02.36 के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ के साथ विजयी हुए, उन्होंने फोटो फिनिश में केन्या के राष्ट्रमंडल खेलों के कांस्य पदक विजेता अमोस सेरेम को बहुत ही मामूली अंतर से हराया। केन्या के विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता अब्राहम किबिवोट ने 8:06.70 का समय निकालकर तीसरा स्थान हासिल किया, उसके बाद ट्यूनीशियाई रिकॉर्ड धारक मोहम्मद अमीन झिनाउई और न्यूजीलैंड के 1500 मीटर इनडोर विश्व चैंपियन जियोड्री बीमिश रहे।

प्रतियोगिता में 17 धावकों ने सर्वोच्चता के लिए प्रतिस्पर्धा की, जो सेबल की वर्ष की तीसरी 3000 मीटर स्टीपलचेज थी। उनका सीज़न ऑरलैंडो में पोटलैंड ट्रैक फेस्टिवल में 8:21.85 के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहने के साथ शुरू हुआ। उन्होंने पंचकुला में भारत की अंतरज्यीय प्रतियोगिता में भी अपना दबदबा बनाया और 8:31.75 का समय निकालकर पहला स्थान हासिल किया था। पुरुषों की भाला फेंक में भारत के किशोर जेना 78.10 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ आठवें स्थान पर रहे। जो ओलंपिक के लिए पूरी तरह से तैयार है। जेना ने मजबूत शुरुआत की इसके बावजूद थ्रो के लिए उन्हें संघर्ष करना पड़ा और अंततः 78.05 मीटर, 76.57 मीटर की दूरी तय की और आगे के थ्रो से चूक गईं। जेना का यह इस साल का दूसरा डायमंड लीग इवेंट था, इससे पहले उन्होंने दोहा में 76.31 मीटर भाला फेंक कर रिकॉर्ड किया था।




# विंबलडन : यानिक सिनर क्वार्टर फाइनल में, कोको गॉफ बाहर



लंदन। ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन यानिक सिनर ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करके विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया लेकिन महिला वर्ग में कोको गॉफ को बाहर का रास्ता देखना पड़ा। सिनर ने 14वीं वरीयता प्राप्त बेन शेल्टन के खिलाफ 6-2, 6-4, 7-6 (9) से जीत दर्ज की। उनका अगला मुकाबला दानिल मेदवेदेव से होगा। एक अन्य क्वार्टर फाइनल मैच कार्लोस अल्काराज और टॉमी पॉल के बीच खेला जाएगा। गत चैंपियन अल्काराज ने 16वें वरीय उगो हम्बर्ट को 6-3, 6-4, 1-6, 7-5 से पराजित किया। पॉल ने रॉबर्टो बॉतिस्ता अगुट को 6-2, 7-6 (3), 6-2 ही हरा कर पहली बार विंबलडन के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। मेदवेदेव ने ग्रिगोर दिमित्रोव के पहले सेट में पांव पर चोट लग जाने के कारण बाहर हो जाने से अंतिम आठ में प्रवेश किया। महिला वर्ग में मेडिसन कीज के तीसरे सेट में 5-5 के स्कोर पर हट जाने के कारण जैस्मीन पाओलिनी ने क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। पाओलिनी का अगला मुकाबला एम्मा नवारो से होगा, जिन्होंने मौजूदा अमेरिकी ओपन चैंपियन गॉफ को 6-4, 6-3 से हराया। क्वालीफायर लुलु सन भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई है जहां उनका मुकाबला डोना वेकिच से होगा। सन ने 2021 की अमेरिकी ओपन चैंपियन एम्मा राडुकानू को 6-2, 5-7, 6-2 से हराया। यह 2010 के बाद पहला अवसर है जबकि महिला वर्ग में किसी क्वालीफायर ने अंतिम आठ में प्रवेश किया। वेकिच ने बारिश से प्रभावित एक अन्य मैच में पाउला बडोसा को 6-2, 1-6, 6-4 से हराया।

# भारत के खिलाफ श्रृंखला से पूर्व जयसूर्या श्रीलंका के अंतरिम कोच नियुक्त

**कोलंबो (एजेंसी)।** श्रीलंका के पूर्व कप्तान सनथ जयसूर्या को इस महीने के अंत में भारत के खिलाफ होने वाली सीमित ओवरों की घरेलू श्रृंखला से पहले टीम का अंतरिम मुख्य कोच नामित किया गया है। भारतीय टीम 27 जुलाई से शुरू होने वाले तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय और इतने ही वनडे मैचों के लिए श्रीलंका का दौरा करेगी। आक्रामक सलामी बल्लेबाजी के साथ स्पिन गेंदबाजी करने वाले 55 साल के वामहस्त खिलाड़ी जयसूर्या इंग्लैंड के क्रिस सिल्वरवुड की जगह लेंगे।

सिल्वरवुड ने टी20 विश्व कप में टीम टीम के खराब प्रदर्शन के बाद इस्तीफा दे दिया था। वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेले गये इस विश्व कप में टीम लीग चरण से आगे नहीं बढ़ पायी थी। 'डेली मिरर% अखबार की रिपोर्ट के अनुसार जयसूर्या श्रीलंका के इंग्लैंड टेस्ट दौरे की भी जिम्मेदारी संभालेंगे। जयसूर्या इससे पहले टीम के मुख्य चयनकर्ता भी रह चुके हैं। अपने समय के सबसे आक्रामक बल्लेबाजों में से एक जयसूर्या टी20 विश्व कप के दौरान टीम के सलाहकार थे।

जयसूर्या ने 1991 से 2007 के बीच श्रीलंका के लिए 110 टेस्ट में 6973 रन बनाए। इस दौरान उनका औसत 40.07 का रहा है और उन्होंने 14 शतक और 31 अर्धशतक जड़े। उन्होंने 445 एकदिवसीय में 28 शतक और 68 अर्धशतक की मदद से 13,430 रन बनाये हैं। जयसूर्या ने टेस्ट में 98 जबकि एकदिवसीय में 323 विकेट भी चटकाए हैं। वह 1996 में विश्व कप जीतने वाली श्रीलंका की टीम के अहम सदस्य थे।



# क्रिकेटर रविचंद्रन अश्विन ने ग्लोबल चेस लीग में टीम खरीदी

नयी दिल्ली। भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन अमेरिकन गैम्बिट्स टीम के सह मालिक बन गए हैं जो ग्लोबल चेस लीग (जीसीएल) के दूसरे सत्र में हिस्सा लेने वाली नई टीम है। जीसीएल टेक महिंद्रा और अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ के संयुक्त स्वामित्व वाली लीग है। लंदन में तीन से 12 अक्टूबर तक होने दूसरे सत्र के लिए लीग ने सोमवार को छह फ्रेंचाइजी को पेश किया। जाने माने व्यवसायी प्रचुर पीपी, वेंकट के नारायण और अश्विन के स्वामित्व वाली अमेरिकन गैम्बिट्स टूर्नामेंट में चिंगारी गल्फ टाइटंस की जगह लेगी। एक प्रेस विज्ञप्ति में अश्विन के हवाले से कहा गया, ''हम अमेरिका गैम्बिट्स को शतरंज जगत के सामने पेश करके रोमांचित हैं। रणनीतिक प्रतिभा और अटूट दृढ़ संकल्प के मिश्रण के साथ हमारी टीम खेल को फिर से परिभाषित करने का लक्ष्य रखती है। सह मालिक के रूप में मैं उनकी यात्रा का गवाह बनने और उनकी सफलता में योगदान देने के लिए उत्साहित हूं।'' लीग के दूसरे सत्र में हिस्सा लेने वाली पांच अन्य फ्रेंचाइजी अल्पाइन एसजी पाइपर्स, पीबीजी अलास्कन नाइट्स, गैंगेस ग्रैंडमास्टर्स, गत चैंपियन त्रिवेणी कॉन्टिनेंटल किंग्स और मुंबा मास्टर्स हैं।



# टी 20 से सन्यास के बाद अब एक्शन में कब लौटेंगे रोहित शर्मा और विराट कोहली?

**मुंबई (एजेंसी)।** संयुक्त राज्य अमेरिका और वेस्टइंडीज में भारत के विजयी टी20 विश्व कप 2024 अभियान के बाद भारतीय दिग्गज रोहित शर्मा और विराट कोहली ने अपने टी20ई संन्यास की घोषणा की। मेन इन ब्लू ने फाइनल में दक्षिण अफ्रीका पर जीत के साथ अपने 11 साल लंबे आईसीसी ट्रॉफी सूखे को समाप्त किया और दूसरी बार टी20 चैंपियन बना। विराट और रोहित ने रवींद्र जडेजा के साथ मिलकर इसे अपने अंतरराष्ट्रीय 20 ओवर के करियर के शिखर पर पहुंचने का समय बताया। शुभमन गिल के नेतृत्व में एक नए रूप वाली भारतीय टीम भविष्य के लिए एक टीम बनाने के लिए पांच मैचों की टी20ई श्रृंखला के लिए जिम्बाब्वे में है।

अब कई प्रशंसक क्रिकेट के मैदान पर रोहित, विराट और जडेजा को वापस एक्शन में देखने के लिए उत्सुक होंगे। लेकिन उनके दोबारा 22 गज लेने की संभावना कब है? इसको लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हैं। भारत को 6 जुलाई से 14 जुलाई तक जिम्बाब्वे के खिलाफ पांच मैचों की ञ्20द्ब श्रृंखला खेलनी है। इस श्रृंखला के बाद, मेन इन ब्लू सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिए श्रीलंका की यात्रा करेगा। मेन इन ब्लू 27 जुलाई से तीन टी20 और इतने ही वनडे मैचों में लंकाई लायंस से भिड़ेगा।

श्रृंखला 27 जुलाई, 28 जुलाई और 30 जुलाई को तीन टी20 मैचों के साथ शुरू होगी, इसके बाद 2 अगस्त, 4 अगस्त और 7 अगस्त को एकदिवसीय मैच होंगे। चूंकि तीन खिलाड़ियों ने टी20 को बाय कह दिया है, इसलिए उनके 2 अगस्त से वनडे सीरीज में खेलने की संभावना है। रोहित शर्मा अब जिन दो प्रारूपों में खेल रहे हैं उनमें उनकी कप्तानी को कोई खतरा नहीं है क्योंकि बीसीसीआई सचिव जय शाह ने घोषणा की है कि वह चैंपियंस ट्रॉफी और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए भी कप्तान होंगे।

जय शाह ने बीसीसीआई के एक वीडियो में कहा कि 23 नवंबर को 10 मैच जीतकर हमने दिल तो जीत लिया, लेकिन कप नहीं जीत पाए। मैंने राजकोट में कहा था कि 29 जून को हम दिल जीतेंगे, कप जीतेंगे और बारबाडोस में झंडा फहराएंगे। और हमारे कप्तान ने इसे वहां फहराया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि इस जीत के बाद, आगामी आईसीसी इवेंट - डब्ल्यूटीसी फाइनल और चैंपियंस ट्रॉफी, मुझे पूरा विश्वास है कि रोहित शर्मा की कप्तानी में हमारी टीम चैंपियन बनेगी।



# कुर्ता खरीदते वक्त बरतें सावधानियां

हर उम्र की महिला के पास कुर्तों का कलेक्शन तो मिल ही जाता है। महिलाएं कुर्ता पहन कर काफी कंफर्टेबल रहती हैं। इसको खरीदते वक्त आपको कुर्ते के ढेरों पैटर्न, कलर्स, स्टाइल आसानी से मिल जाते हैं। इसे महिलाएं प्लाजो, जींस, स्कर्ट और पैंट के साथ भी कैरी करती हैं। महिलाएं सबसे ज्यादा क्लासिक ए-लाइन कुर्ता से लेकर लेटेस्ट ट्रेंड हाई एंड लो कुर्ता तक में काफी कंफर्टेबल रहती हैं। हर तरीके के कुर्ते बाजार से लेकर ऑनलाइन आसानी से मिल जाते हैं।



कुर्ता खरीदने वाली हर महिला के लिए ये जानना बेहद जरूरी है कि वो कुर्ता खरीदते वक्त क्या देखती हैं। दरअसल, जिस तरह से एक परफेक्ट कुर्ते में आपका लुक निखर सकता है, वहीं दूसरी ओर अगर कुर्ता सही नहीं होगी तो ये आपके लुक को खराब कर सकता है।

## रखें फैब्रिक का ध्यान

कुर्ता खरीदते समय उसके फैब्रिक पर ध्यान जरूर दें। हमेशा मौसम के हिसाब से ही कुर्ता खरीदना चाहिए। अगर कुर्ते का फैब्रिक ज्यादा हल्का होगा तो ये ज्यादा चलेगा नहीं, वहीं ज्यादा मोटा होने पर ये गर्मी कर सकता है।

पैटर्न

हर कार्यक्रम के हिसाब से कुर्ते के पैटर्न अलग-अलग आते हैं। अगर आपको स्टेटमेंट लुक चाहिए तो सिंपल ए लाइन कुर्ता ही बेस्ट है पर, जिन महिलाओं को एवरग्रीन लुक चाहिए, वो क्लासिक अनारकली या अंगरखा स्टाइल में से कुछ चुन सकती हैं। ये देखने में काफी क्लासी लगते हैं।

**जरूर देखें लंबाई**

कुर्ता खरीदते वक्त इस बात का ध्यान रखें कि आप उसे किसके साथ पहनने वाली हैं। जैसे कि प्लाजो या स्ट्रेट पैंट के साथ लॉंग कुर्ता चल जाता है, सलवार के साथ ये बेहद अजीब लगता है।

**फिटिंग को ना करें इग्नोर**

कुर्ते की फिटिंग को इग्नोर करने की गलती ना करें। कुर्ते का डिजाइन चाहे जितना भी अच्छा हो, अगर उसकी फिटिंग खराब होगी तो ये देखने में अजीब लगेगा।

**रंग**

कुर्ते का रंग हमेशा न्यूट्रल होना चाहिए। ज्यादा ब्राइट कुर्ता पहनने से मेकअप और ज्वेलरी का लुक छिप जाता है।

**स्लीव्स का है अहम योगदान**

आपके लुक में कुर्ते की स्लीव का अहम योगदान होता है। अगर आप चाहें तो एम्बैलिश्ड और एक्ज़ैजरेटेड स्लीव्स कैरी कर सकती हैं। ये आज-कल के इस सीजन में काफी ट्रेंड में है।

# सावन है श्रृंगार का महीना

**मान्यता है कि जो महिलाएं सावन में महादेव की सच्चे मन से पूजा-अर्जना करती हैं, उनके घर पर सुख समृद्धि की कभी कमी नहीं होती। जो अविवाहित लड़कियां होती हैं वो अच्छे वर की कामना के लिए महादेव की पूजा करती हैं, वहीं विवाहित महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र के लिए। महादेव की पूजा में महिलाओं का 16 श्रृंगार करना काफी जरूरी होता है।**

भारतीय संस्कृति में सोलह श्रृंगार का विशेष महत्व होता है। शास्त्रों मे भी सोलह श्रृंगार को सौभाग्य के लिए जरुरी बताया गया है पर, कई बार देखा जाता है आजकल व्यस्त रहने वाली महिलाएं पूजा के वक्त भी सही से 16 श्रृंगार नहीं कर पातीं।

## लाल साड़ी या सूट

अगर आप विवाहित हैं और सावन के महीने में महादेव की पूजा करने जा रही हैं तो लाल रंग की ही साड़ी या सूट पहनें। ये आपके सौभाग्य की निशानी है। ऐसा कहा जाता है कि इस रंग के कपड़े पहनने से भगवान शिव और देवी पार्वती की असीम कृपा होती है।

## कभी ना भूलें मंगलसूत्र

पूजा करते वक्त कभी भी मंगलसूत्र पहनना ना भूलें। सावन के महीने में मंगलसूत्र तो जरूर ही पहनें। ये आपके सुहाग की निशानी होती है।

## बिंदी

बिंदी महिलाओं के सुहाग की निशानी है। इसलिए पूजा करते वक्त कभी भी बिंदी लगाना ना भूलें। बिंदी लगाते वक्त ध्यान रखें कि ये काले रंग की ना हो।

## मेहंदी

भारत में हर त्योहार पर मेहंदी लगाने का काफी महत्व होता है। इसी के चलते महिलाएं सावन में मेहंदी जरूर लगाती हैं। कहते हैं इससे मां गौरी आप पर कृपा बरसाएंगी।

## गजरा

भगवान शिव को फूल काफी प्रिय होते हैं। ऐसे में आप भी सावन के खास व पवित्र माह में आप अपने पति के हाथों से अपने बालों पर गजरा जरूर लगवाएं।

## हरी-लाल चूड़ियां

सावन के महीने में कांच की चूड़ियां पहनना कतई ना भूलें। हरे रंग की चूड़ियां तो कुंवारी लड़कियां भी पहन सकती हैं।

## सिंदूर

आपके श्रृंगार का सबसे अहम भाग होता है लाल चटक सिंदूर। इस पवित्र माह में महिलाएं चटक लाल रंग का सिंदूर अपनी मांग में जरूर भरें।



# कामकाजी महिलाएं कैसे लगाएं लिपस्टिक

ऑफिस में स्टाइलिश देखना और अपनी प्रोफेशन के हिसाब से परफेक्ट दिखना काफी मुश्किल काम होता है। अगर बात करें लिपस्टिक की तो ऑफिस के हिसाब से लिपस्टिक का कलर चुनना काफी मुश्किल काम है। कई बार ऐसा देखा जाता है, सही चयन ना होने की वजह से महिलाएं गलत शेड चुन लेती हैं। कई बार ये इतना डार्क होता है जो देखने में अजीब लगता है तो कई बार इतना हल्का होता है कि दिखाई नहीं देता। आइए जानते हैं ऑफिस में कैसी लिपस्टिक लगानी चाहिए-

**भूरा रंग**

कॉलेज से लेकर ऑफिस तक के लिए भूरे रंग की लिपस्टिक काफी सही विकल्प है। भूरे रंग की लिपस्टिक हर स्किन टोन के साथ मेल खाती है। अगर आप अपने लुक को ग्रेसफुल बनाना चाहती हैं तो ये रंग चुन सकती हैं।



**लाइट पिंक**

अगर आपको हल्के रंग पसंद हैं तो इस तरह की लाइट पिंक रंग की लिपस्टिक आप चुन सकती हैं। ये देखने में काफी प्यारी लगती है। आप इस रंग का चयन करके क्यूट दिख सकती हैं।

**मौव**

आजकल मौव रंग की लिपस्टिक लगाने का काफी ट्रेंड है। हर उम्र की महिलाओं को ये लिपस्टिक पसंद आती है। यह रंग लगभग हर स्किन टोन पर अच्छा लगता है और आपके लुक को ज्यादा अक्ट्रैक्टिव बनाता है।

**पीच**

पीच रंग की लिपस्टिक हर किसी के ऊपर अच्छी लगती है। अगर आप ऑफिस लुक के लिए डार्क और चमकीले रंगों को लगाने से बचना चाहती हैं तो ये लिपस्टिक शेड आपके लिए बिल्कुल सही है। इसे लगाकर आप क्लासी लग सकती हैं।

**कोरल**

अगर आपको डार्क रंग की लिपस्टिक पसंद है तो आप कोरल रंग का चयन कर सकती हैं। इसके इस्तेमाल के साथ बाकी मेकअप को लाइट ही रखें।

# बालों के लिए फायदेमंद है अदरक

यूं तो अदरक के सेवन से शरीर को कई फायदे होते हैं। इसी के चलते लोग खाने में भी अदरक का इस्तेमाल करते हैं। क्या आप जानते हैं कि खाने और चाय का स्वाद बढ़ाने के साथ-साथ अदरक आपके बालों के लिए भी बेहद गुणकारी है। यहां हम आपको बालों में अदरक का इस्तेमाल करना बताएंगे। इसके साथ ही आपको ये भी बताएंगे कि अदरक बालों से जुड़ी किन परेशानियों को दूर करता है।

**ऐसे करें इस्तेमाल**

आप अदरक को बालों में कई तरीके से लगा सकते हैं। हम आपको अदरक और प्याज का रस बालों में लगाना बताएंगे। अगर आप चाहते हैं कि बाल



कम समय में लंबे और घने बन जाए तो अदरक के रस में प्यार का रस मिलाकर लगाएं। इसके इस्तेमाल के लिए आपको बस 2 चम्मच अदरक का रस और 1 छोटा चम्मच प्याज का रस लेना है।

अब कॉटन बॉल की मदद से इस मिश्रण को अपने स्कैल्प पर लगाएं। 15 से 20 मिनट तक बालों में अदरक और प्याज का रस लगा रहने दें और बाद में नॉर्मल पानी से धो लें। आप ऐसा हफ्ते में दो बार कर सकते हैं।

**डैंड्रफ करता है दूर**

अदरक के रस के इस्तेमाल से आप अपने बालों के डैंड्रफ को खत्म कर सकते हैं। अदरक में मौजूद एंटीसेप्टिक गुण स्कैल्प से इंफेक्शन और डैंड्रफ को कोसों दूर रखते हैं।

**बढ़ाता है लंबाई**

अदरक का रस आपको बालों को मजबूत बनाने के साथ-साथ उनकी लंबाई बढ़ाने में सहायक होता है। अदरक में कई विटामिन, मिनरल्स और फैटी एसिड होते हैं, जो बालों के लिए फायदेमंद होते हैं।

दिलाता है दोमुंहे बालों से छुटकारा

अगर आप हफ्ते में दो बार अदरक के रस को बालों में लगाएंगे तो इससे आप दोमुंहे बालों से छुटकारा पा सकते हैं। ये आपके बालों को लंबे समय तक दोमुंहे बालों के दूर रखता है।

**बालों में आती है शाइन**

अदरक के इस्तेमाल से आपके बालों को आंतरिक पोषण मिलता है, जिससे बालों में शाइन आती है और बाल खूबसूरत दिखते हैं।

# पील-ऑफ मास्क के यूज में बरतें सावधानियां

स्किन की केयर करने के लिए अक्सर मास्क का इस्तेमाल करने की सलाह दी जाती है। अमूमन हम चेहरे पर कई तरह के इंग्रीडिएंट से बने मास्क अप्लाई करते हैं। वहीं, इंस्टेंट ग्लो पाने के लिए पील ऑफ मास्क का इस्तेमाल किया जाता है। यह इस तरह के मास्क होते हैं, जो आपके चेहरे की गंदगी और डेड स्किन सेल्स को हटाते हैं और स्किन को एकदम ग्लोइंग दिखाते हैं। हालांकि, पील ऑफ मास्क का इस्तेमाल करते समय इन्हें सही तरह से इस्तेमाल किया जाना चाहिए।

पील ऑफ मास्क मुख्य रूप से चेहरे के लिए होते हैं, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं है कि आप इसे पूरे चेहरे पर लगाएं। कभी भी पील ऑफ मास्क को होंठों या भौहों आदि पर नहीं लगाया जाना चाहिए। जब आप



इन जगहों पर पील ऑफ मास्क लगाते हैं तो इससे उसे रिमूव करते समय आपकी स्किन को नुकसान हो सकता है।

जब आप पील ऑफ मास्क का इस्तेमाल कर रहे हैं तो इस बात का विशेष रूप से ध्यान रखें कि आप इसे बहुत देर तक ना लगाएं। अगर आप इसे बहुत देर तक ऐसे ही छोड़ देते हैं तो इससे मास्क बहुत अधिक सूख सकता है और ऐसे में आपको पील ऑफ मास्क उतारते समय परेशानी हो सकती है। इससे आपको स्किन में अत्यधिक खिंचाव या जलन हो सकती है।

पील ऑफ मास्क लगाते समय अक्सर हम इसकी मोटी लेयर लगाते हैं। हमें लगता है कि ऐसा करने से पील ऑफ मास्क बेहतर तरह से काम करेगा। लेकिन ऐसा करने से पील ऑफ मास्क को रिमूव करना काफी मुश्किल हो जाता है। इसलिए, हमेशा कोशिश करें कि आप पील ऑफ मास्क की एक पतली और एकसमान लेयर लगाएं।

जब मास्क को हटाने का समय आता है, तो कभी भी अपनी स्किन के साथ बहुत अधिक एग्रेसिव ना हो। हमेशा आप इसे धीरे से ही करें। अगर आप मास्क को बहुत जोर से खींचते हैं तो इससे स्किन में जलन हो सकती है और आपको असुविधा का सामना करना पड़ सकता है। आप मास्क को किनारों से हटाना शुरू करें और फिर धीरे-धीरे सेंटर की ओर बढ़ें।

# बारिश में नमी वाली गंध दूर कर घर को चमकाएं ऐसे

**बारिश के दिनों में जहां घर के गार्डन से गीली मिट्टी की सौंधी खुशबू आती है। वहीं, घर में सीलन और नमी के कारण अजीब सी बदबू आने लगती है। धूप नहीं निकलने और और लगातार होने वाली बारिश इस समस्या को ज्यादा गंभीर कर देती है। ऐसे में खुद का तो मन खराब होता ही है, साथ ही कोई मेहमान आ जाए तो इसके कारण कई बार शर्मिंदा भी होना पड़ जाता है।**

इससे छुटकारा पाने के लिए घर में रखी अलमारी से लेकर बाथरूम और घर के कोने-कोने में कुछ ऐसी चीजों को छिड़कने की जरूरत होती है, जिससे बदबू जल्द से जल्द गायब हो जाए। यहां आप इन चीजों के बारे में डिटेल में जान सकते हैं।

## अलमारी से ऐसे हटाएं बदबू

बारिश में सबसे ज्यादा बदबू नमी के कारण कपड़ों से आती है। खासतौर पर जो लकड़ी के अलमारी में रखें होते हैं। ऐसे में इससे छुटकारा पाने लिए आप नेफ्थलीन की गोलियों को अलमारी के हर रैक में रख सकते हैं।
या कॉफी को एक कटोरी में डालकर अलमारी में रख दें। इससे अलमारी की सारी गंध खत्म हो जाएगी।

## बाथरूम की बदबू के लिए करें ये उपाय

धूप और हवा सही तरह से नहीं पहुंचने पर बारिश के कारण बाथरूम की स्मेल बहुत भयंकर हो जाती है। ऐसे में इसे खत्म करने के लिए पानी में हाइड्रोजन पेरोक्साइड मिलाकर बाथरूम के कोने-कोने में स्प्रे करें।

## इन 2 चीजों से महकाएं घर

बरसात के मौसम में घर में रखी लगभग हर चीज नमी के कारण अजीब से गंध करने लगती है। ऐसे में छुटकारा पाने का सबसे अच्छा और किफायती तरीका है, कि आप पूरे घर में रोज विनेगर और बेकिंग सोडा को पानी में मिलाकर स्प्रे करें। इससे बदबू के साथ बरसाती कीड़े भी घर से गायब हो जाते हैं।

## फ्रेश हो जाएगी घर की हवा

घर को बारिश में खुशबूदार बनाए रखने लिए आप लेमन ग्रास, लेवेंडर, पेपरमिंट जैसे एसेंशियल ऑयल को पानी में मिलाकर घर में स्प्रे कर सकते हैं। साथ ही घर में रोज धूप या कपूर जलाने से भी घर की हवा में ताजगी बनी रहती है, और गंदी बदबू खत्म हो जाती है।





# पूजा भट्ट के साथ रिश्ते पर बोले रणवीर शौरी!

**हाल ही में रणवीर शौरी ने एक एक्ट्रेस के साथ अपने ब्रेकअप पर बात की है। रणवीर ने कहा कि एक एक्ट्रेस के साथ रिलेशनशिप में रहना उनकी लाइफ का सबसे बड़ा स्कैंडल बन गया था। रणवीर के इस बयान के बाद अंदाजा लगाया जा रहा है कि उन्होंने पूजा भट्ट के साथ अपने रिश्ते पर बात की है।**



एक वक्त पर एक्टर की पूजा के साथ लिंकअप की खबरें बहुत ज्यादा चर्चा में थीं। दोनों लिव इन रिलेशनशिप में भी थे, लेकिन बाद में दोनों के रिश्ते में बहुत दूरी आ गई। बिग बॉस 3 के हालिया एपिसोड में रणवीर ने कहा कि वो 2002 में लद्दाख में फिल्म लक्ष्य की शूटिंग कर रहे थे। एक दिन घर से कॉल आया कि उनकी मां की तबीयत ठीक नहीं है। लेकिन वो शूटिंग खत्म होने से पहले छुट्टी लेकर मां के पास नहीं जा सकते थे। उन्होंने बताया कि उस वक्त वो एक एक्ट्रेस के साथ सबसे बड़े स्कैंडल में फंसे हुए थे। इस बारे में उन्होंने कहा- उस वक्त मुझे एक एक्ट्रेस के साथ जिंदगी के सबसे बड़े स्कैंडल का भी सामना करना पड़ा था। मैं इस सिचुएशन से अकेले नहीं निकल सकता था। तब भाई ने कुछ समय के लिए मुझे अपने पास अमेरिका बुला लिया। फिर मैंने अमेरिका में 6 महीने रहकर एक्टिंग कोर्स किया। उस वक्त मेरा सारा खर्चा भाई ने उठाया था। वहां से लौटने के बाद मैंने 2005 में द ग्रेट इंडियन कॉमेडी शो की शूटिंग की।



# 'एनिमल' के बाद मिलने लगे अच्छे प्रोजेक्ट्स

**तृप्ति डिमरी को फिल्म 'एनिमल' से पहचान मिली थी। अब वे अपनी अगली फिल्म 'बैड न्यूज' को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में उनके साथ विक्की कौशल और एमी विर्क भी लीड रोल में दिखाई देंगे। ये फिल्म 19 जुलाई को रिलीज होने वाली है। करण जौहर इस फिल्म के प्रोड्यूसर हैं। अपनी फिल्म को लेकर तृप्ति ने बातचीत की।**

### किस तरह 'बैड न्यूज' की गुड न्यूज मिली

दरअसल उन दिनों मैंने धर्मा प्रोडक्शन की टैलेंट एजेंसी को जॉइन ही किया था। एक दिन करण सर ने मिलने के लिए बुलाया। उन्होंने आनंद तिवारी सर से मिलवाया। आनंद सर ने फिल्म की कहानी सुनाई तो मैं पूरे टाइम हंसती ही रही। हालांकि उसके बाद उन्होंने कहा कि नरेशन सुन ये मत समझना कि फिल्म में सेलेक्शन हो ही गया। ऑडिशन के बाद अंतिम निर्णय होगा। उसके अगले ही दिन उन्होंने फिल्म के तीन-चार सीन रिकॉर्ड किए।

### फिल्म में वो सोच भी है कि पैदा करने वाले से बड़ा पालने वाला होता है?

बिल्कुल। फिल्म काफी कुछ कहना चाहती है। जो तीन किरदार हैं, उनके निजी सफर हैं। सरल शब्दों में कहूं तो उन किरदारों के जरिए युवा पीढ़ी की सोच जाहिर की गई है। उस दौर से गुजरने वाले युवा जिंदगी में हर कुछ चाहते हैं। प्यार से लेकर करियर में तरक्की और हर जगह जीत ही जीत मिलती रहे। वैसी सोच पर भी एक टेक लिया गया है।

### यह सब 'एनिमल' से पहले हुआ था?

जी हां। ऑडिशन सही लगने पर सभी कलाकारों के साथ काफी वर्कशॉप हुईं। कभी विक्की कौशल के साथ तो कभी एमी विर्क के साथ। रोज हमें कुछ टास्क दी जाती थीं। उससे हमारी हाजिरजवाबी की परीक्षा ली जाती थी ताकि हमारे कॉमिक सेंस का पता चले। दरअसल बहुत साल पहले मैं यू-ट्यूब पर कॉमेडी वाले वीडियोज बनाती भी थी पर फिल्मों में कदम रखने पर वह छूट गया था। इस फिल्म के जरिए फिर से कॉमेडी करने का मौका मिला है।

### 'एनिमल' के बाद लगातार कितने ऑफर्स आ रहे हैं?

मैंने गिना तो नहीं है। मगर हां अब एयरपोर्ट वगैरह पर जाती हूं तो वहां लोग पहचानने लगे हैं। वो अच्छा लगता है। सौभाग्य से अच्छी-अच्छी फिल्में भी आई हैं। उनमें से चार तो इसी साल रिलीज होंगी। 'एनिमल' के बाद एक ग्रोथ भी हुई है। अच्छी बात है कि लोग अब मुझे अलग-अलग जॉनर की फिल्में भी ऑफर कर रहें हैं, वरना स्टीरियोटाइप वाले भी आसार बन गए थे।

### आउटसाइडर्स को क्या टिप्स देना चाहेंगी?


हर किसी के मामले में एक ही फॉर्मूला तो नहीं चलेगा। खुद पर भरोसा रखिए। अगर लो फेज है, तो उसमें धैर्य रखिए। वह दौर गुजर जाएगा। वरना आज की तारीख में सही एक्टर्स के लिए बहुत काम है। खासकर ओटीटी के चलते सही और नए एक्टर्स के लिए काम की कमी नहीं। 'लापता लेडीज' जैसी मिसालें देखिए। वहां ज्यादातर नए चेहरे हैं पर उन्होंने क्या खूब काम किया।

### आपकी और रणबीर की 'एनिमल 2' पर क्या स्टेट्स है?

वह तो आप संदीप रेड्डी वांगा सर से ही पूछिए। पार्ट वन की रिलीज के बाद तो सब अपनी-अपनी दूसरी फिल्मों में जुट गए हैं। पर हां जब उन्हें अनाउंस करना होगा तो वो बेशक करेंगे ही। वो वैसे डायरेक्टर हैं, जिन्हें काफी क्लैरिटी है। फिलहाल इस वक्त तक तो मुझे कुछ ऐसा नहीं बताया गया है पार्ट टू को लेकर।

### फिल्मों में मौजूदा पीढ़ी की किन उलझनों को दिखाया जाए?

यही कि यह पीढ़ी रिश्तों में समझौते करने को नीची नजरों से देखती है। यह सही नहीं है। हमें हमारे परिजनों की अप्रोच से सीखना चाहिए। ऐसा नहीं है कि मेरे पेरेंट्स के 36 सालों के रिश्ते में उतार-चढ़ाव नहीं आए होंगे। पर अगर वह भी सिर्फ सुख के दिनों के साथी और गम के दिनों में हाथ छोड़ने वाली अप्रोच में रहते तो रिश्ता नहीं टिकता। ये एक चीज है, जिसे फिल्मों में भी दिखाया जाना चाहिए।



# आर्थिक तंगी से जूझ रही पंजाबी गायिका को अक्षय कुमार ने भेजे 25 लाख रुपये

बॉलीवुड के खिलाड़ी यानी अक्षय कुमार अपनी दमदार फिल्मों के साथ-साथ अपनी दरियादिली को लेकर भी खूब सुर्खियां बटोरते हैं। अभिनेता को अक्सर जरूरतमंदों की मदद करते देखा जाता है। इसी कड़ी में अक्षय ने ग्लोरी बावा की मदद कर हर किसी का दिल जीत लिया है। जानकारी हो कि प्रसिद्ध पंजाबी लोक गायक और पद्म भूषण पुरस्कार विजेता दिवंगत गुरमीत बावा की बेटी ग्लोरी बावा ने बीते दिन आर्थिक संकट से जूझने की बात कही थी। साथ ही सोशल मीडिया पर सरकार से मदद मांगती नजर आई थीं। ऐसे में अक्षय कुमार सामने आए और एक भाई के तौर पर उनकी मदद की।

### मदद नहीं ये मेरा फर्ज

ग्लोरी की मदद पर अक्षय कुमार ने साझा किया, मुझे इसकी जानकारी सोशल मीडिया से मिली। बहुत दुख हुआ कि गुरमीत बावा जी, जो पंजाब की शान थीं उनके परिवार को आज इतनी आर्थिक दिक्कतें हैं। मैंने उनकी बेटी ग्लोरी बावा को अपनी बहन समझ के एक प्यार का इशारा भेजा है। ये कोई मदद नहीं है, एक पंजाबी और एक कलाकार होने के नाते मेरा फर्ज है।

# बॉडी डिस्मॉर्फिया से जूझ रहे हैं करण जौहर



करण जौहर को भारतीय फिल्म इंडस्ट्री के सबसे महान फिल्म निर्माताओं में से एक माना जाता है। राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार विजेता निर्देशक-निर्माता को स्टार मेकर के रूप में भी जाना जाता है। हाल ही में एक साक्षात्कार में, उन्होंने बॉडी डिस्मॉर्फिया से जूझने की बात स्वीकार की। करण जौहर हाल ही में बातचीत में थे, अपनी असफलताओं के बारे में बात की। उन्होंने यह भी बताया कि बचपन में उन्हें अपने दिखने के तरीके से असहज महसूस होता था जब उनसे पूछा गया कि क्या वह अब भी उस वजन को ढो रहे हैं, तो केजेओ ने स्वीकार किया, मुझे बॉडी डिस्मॉर्फिया है, मुझे पूल में उतरना बहुत अजीब लगता है।

# स्क्रिप्ट की डिमांड पर इंटीमेट सीन कर सकती हूं




रकुल प्रीत सिंह का नाम बॉलीवुड की ग्लैमरस एक्ट्रेसेस में गिना जाता है। उन्होंने 2017 में दिए एक इंटरव्यू में इंटीमेट सीन को लेकर बात की थी। उन्होंने कहा था कि उन्हें इंटीमेट सीन करने में परहेज नहीं है। रकुल का कहना था- सीन की डिमांड पर मैं इंटीमेट सीन या लिप-लॉक करने के लिए तैयार हूं। लेकिन इस तरह के सीन को जबरदस्ती पब्लिसिटी के लिए फिल्म में नहीं डालना चाहिए। रिपोर्ट के मुताबिक, एक्ट्रेस ने कहा कि ग्लैमर फिल्म इंडस्ट्री का जरूरी हिस्सा है, हर कोई चाहता है कि वो अपनी फेवरेट एक्ट्रेस को ग्लैमरस कपड़ों में देखे।

रकुल बहुत जल्द ही फिल्म 'इंडियन 2' में नजर आएंगी। ये फिल्म 12 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म में कमल हासन लीड रोल में नजर आएंगे। उनके अलावा प्रिया भवानी शंकर, काजल अग्रवाल, बॉबी सिम्हा, सिद्धार्थ, समुथिरकानी और ब्रह्मानंदम भी इस फिल्म का हिस्सा होंगे। इस फिल्म का पहला पार्ट साल 1996 में रिलीज हुआ था और अब 28 साल बाद इसका दूसरा पार्ट लाया जा रहा है। इसके अलावा रकुल फिल्म दे दे प्यार दे के सीक्वल में भी नजर आएंगी। इस फिल्म में उनके साथ अजय देवगन और आर माधवन होंगे।

# आठ साल बाद कार्तिक आर्यन की फिल्म में दिखेगा ये पाकिस्तानी एक्टर!

कार्तिक आर्यन के प्रशंसक उनकी नई फिल्म भूल भुलैया 3 का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। वहीं, भूल भुलैया फेंचाइजी के फैंस भी इसे देखने के लिए उत्सुक है। भूल भुलैया 3 को इस साल दिवाली के मौके पर रिलीज किया जाएगा, इसमें कार्तिक आर्यन के साथ-साथ तृप्ति डिमरी और विद्या बालन भी नजर आएंगी। इस फिल्म को लेकर मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि पाकिस्तानी अभिनेता फवाद खान भी इस फिल्म का हिस्सा होंगे और कैमियो करते नजर आएंगे। हालांकि इस बारे में कोई आधिकारिक एलान नहीं किया गया है। फवाद खान ने खूबसूरत, कपूर एंड सन्स, खुदा के लिए और बेहद समेत कई फिल्मों में काम किया है, उनकी पिछली हिंदी फिल्म ऐ दिल है मुश्किल थी, जो 2016 में रिलीज हुई थी। फवाद को लेकर एक खबर यह भी चल रही है कि वो वाणी कपूर के साथ एक फिल्म में काम करने जा रहे हैं।





# केवल महिलाओं के लिए नहीं है फिल्म शर्माजी की बेटी, फिल्म में काम करना पिकनिक जैसा था

**आयुष्मान खुराना की पत्नी ताहिरा कश्यप के डायरेक्शन में बनी फिल्म शर्माजी की बेटी' हाल ही में अमेजन प्राइम पर स्ट्रीम हुई है। इस फिल्म की स्टोरी भी ताहिरा ने खुद ही लिखी है। फिल्म में साक्षी तंवर, दिव्या दत्ता और सैयामी खेर लीड रोल में नजर आई हैं। स्टारकास्ट ने से खास बातचीत की।**

फिल्म की कहानी पर साक्षी तंवर ने कहा, 'मुझे अतुल और अनुज का कॉल आया था। उन्होंने मुझे मिलने के लिए बुलाया था और इसकी कहानी सुनाई थी। इसके बाद उन्होंने बताया कि इसे ताहिरा कश्यप खुराना डायरेक्ट करने वाली हैं। हम मिले और ताहिरा ने मुझे तुरंत स्टोरी सुनाई और मुझे ये एकदम से पसंद आ गई। इस फिल्म की कहानी वुमन एंपावरमेंट और कुछ सीरियस इश्यूज के बारे में है। मुझे यकीन है कि इस प्रोजेक्ट से महिलाएं रिलेट कर पाएंगी।'

### शूटिंग का अनुभव एक पिकनिक की तरह था

शूटिंग के अनुभव पर साक्षी तंवर ने कहा ये हमारे लिए पिकनिक की तरह था। मजे-मजे में काम हो रहा था और ताहिरा बहुत ही शांत और मजाकिया हैं। वो बहुत ही शांत और रिलैक्स्ड डायरेक्टर हैं। बहुत ही रिलैक्स तरीके में ही उनके सेट पर काम भी होता था। हम पर काम का प्रेशर बिल्कुल नहीं था। इस तरह से पूरा प्रोसेस बहुत ही सुकून भरा था।

### ताहिरा के साथ काम करके बहुत खुश हूं



सैयामी खेर ने ताहिरा कश्यप खुराना के साथ अपने अनुभव पर कहा, 'ताहिरा ने मुझे ये फिल्म काफी साल पहले नरेट की थी। जिस समय उन्होंने इसे नरेट किया था, ये बहुत पसंद आई थी। मुझे इसकी कहानी अच्छी लगी थी और मैं इसका हिस्सा बनने के लिए तैयार थी। मुझे सच में ताहिरा के साथ काम करके बहुत मजा आया है। इसके साथ ही मैं उम्मीद करती हूं कि यह फिल्म ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचे।

### लोग जब फिल्म देखेंगे तो इसमें खुद को पाएंगे

सैयामी ने फिल्म के सब्जेक्ट पर कहा -यह कहानी औरतों की भी है और मर्दों की भी। यह कहानी सभी के साथ जुड़ती है और यह एक असल कहानी की तरह है। फिल्म में 14 साल की टीनएजर से लेकर एक टीनेजर की मां तक की बात रखी गई है। हर उसकी बात है जो बड़े शहर में रहने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। यह बहुत ही रिलेटेबल स्टोरी है और यह सभी चीजें पहले मेरे साथ भी घट चुकी हैं। तो मुझे लगता है कि दर्शक खुद को कहानी में पाएंगे।'

### सिर्फ महिलाओं की नहीं यह फिल्म सभी के लिए खास है



फिल्म की कहानी पर दिव्या ने बताया 'सबसे पहले हमें इसे सीमित नहीं करना चाहिए कि सिर्फ महिलाएं इससे कनेक्ट कर पाएंगी। बल्कि सभी को इस तरह की फिल्म देखनी चाहिए, क्योंकि इस फिल्म में मौजूद पुरुष बहुत अलग-अलग हैं और अलग वर्क लाइफ वाले हैं। बहुत ही रिलेटेबल किरदार हैं। ये हर एक इंसान की कहानी है। लोग सच में इस फिल्म को देखने का इंतजार कर रहे हैं और इसके लिए मैं बहुत खुश हूं।

# विकास कार्यों के लिए बनायें माइक्रो प्लॉन : बृजेश सिंह

**नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री लोक निर्माण विभाग उत्तर प्रदेश/जनपद के प्रभारी मंत्री कुंवर बृजेश सिंह के द्वारा जनपद गौतम बुद्ध नगर में पहुंचकर सघन




भ्रमण किया गया ताकि सरकार द्वारा संचालित की जा रही योजनाओं एवं कार्यक्रमों का लाभ समाज में अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके। भ्रमण के उपरांत मंत्री जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे, जहां मंत्री एवं जिला अधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से कलेक्ट्रेट परिसर में वृक्षारोपण किया गया।

वृक्षारोपण के उपरांत मंत्री ने कलेक्ट्रेट के सभागार में जिला प्रशासन, पुलिस एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ विकास कार्यक्रम तथा कानून व्यवस्था को लेकर गहन समीक्षा बैठक की। विकास कार्यक्रमों की समीक्षा के दौरान उन्होंने जल जीवन मिशन, हर घर जल योजना, गौ आश्रय स्थल एवं निराश्रित गौवंश संरक्षण योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, किसानों के लिए खाद बीज की उपलब्धता, विद्युत विभाग, एक जनपद एक उत्पाद, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना, निशुल्क राशन वितरण कार्यक्रम, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, छात्रवृत्ति, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, कन्या सुमंगला योजना, दिव्यांगों को कृत्रिम उपकरण वितरण, रोजगार सृजन, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, सरकारी अस्पतालों में दवाइयों की उपलब्धता, आंगनवाड़ी केन्द्रों के संचालन की स्थिति, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी व ग्रामीण, वृक्षारोपण, स्कूल चलो अभियान, ऑपरेशन कायाकल्प, पॉलिटेक्निक, आई0टी0आई0 एवं बाढ़ से सुरक्षा के उपाय आदि कार्यक्रमों के संबंध में विभागीय अधिकारियों के साथ गहन समीक्षा बैठक करते हुए उन्हें स्पष्ट निर्देश दिए कि समस्त विभागीय अधिकारी विकास से जुड़े हुए एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को पात्र लाभार्थियों तक लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से माइक्रो प्लान तैयार करते हुए अपने कार्य को अंजाम दें ताकि सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप जनपद गौतमबुद्धनगर का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित किया जा सके साथ ही समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति को जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंच सके।

मंत्री ने बैठक में उपस्थित समस्त विभागीय अधिकारियों को यह भी निर्देश दिये कि प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, कार्यक्रमों एवं लाभार्थीपरक योजनाओं को लेकर जनपद के जनप्रतिनिधियों के साथ निरंतर संवाद स्थापित किया जायें। विकास कार्यक्रमों की बैठक का संचालन जिला अधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा किया गया।

इस अवसर पर एडिशनल सीपी बबलू कुमार ने मंत्री को जनपद की कानून व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था को लेकर की जा रही कार्रवाई की विस्तारपरक से जानकारी उपलब्ध कराई और साथ ही आगामी त्योहारों के दृष्टिगत रखते हुए जनपद की यातायात व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर की जा रही तैयारी के संबंध में भी मंत्री को विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराई।

बैठक में विधायक दादरी तेजपाल नागर, विधायक जेवर धीरेंद्र सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद दादरी गीता पंडित, मुख्य विकास अधिकारी जनार्दन सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व अतुल कुमार, अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉक्टर नितिन मदान, डिप्टी कलेक्टर वेद प्रकाश पांडे, प्रभागीय वन अधिकारी पी के श्रीवास्तव, उपायुक्त उद्योग अनिल कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर धर्मवीर सिंह, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी शिवराज, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पंवार, जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेंद्र बहादुर सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी पूनम तिवारी तथा अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी गण उपस्थित रहे।



इस्कॉन मंदिर नोएडा द्वारा निकाली गई भगवान श्री जगन्नाथ जी की रथयात्रा का सेक्टर-21ए स्थित स्टेडियम गेट न0-4 पर नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डा. लोकेश एम ने स्वागत किया। इस दौरान नोएडा प्राधिकरण के सीईओ ने प्रसाद का वितरण भी किया।

## ईएसआई अस्पताल में फोटो और वीडियो बनाने पर एफआईआर

**साहिबाबाद ( ब्यूरो )। थाना शालीमार गार्डन में ईएसआई अस्पताल साहिबाबाद की चिकित्सा अधीक्षक ने अस्पताल परिसर में व महिला व पुरुष वार्ड में अनाधिकृत रूप से फोटो खींचने और वीडियो बनाने का मामला दर्ज कराया है।**

**मिली जानकारी के अनुसार अस्पताल की चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुरेंद्र कौर ने थाना शालीमार गार्डन में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बिना अनुमति के हसीन शाह अस्पताल परिसर, वार्ड महिला एवं पुरुष तथा ओपीडी और आईपीडी में मरीज और महिलाओं की फोटो खींचते हैं और वीडियो बनाते हैं। जबकि यह कृत्य भारत सरकार के नियमों खिलाफ है।**

**उनका यह भी कहना है कि जब उन्होंने इस संबंध में बिना अनुमति के उनकी फोटो खींचने का विरोध किया तो उन्हें धमकाया गया।**

**इस मामले में थाना शालीमार गार्डन में हसीन शाह के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 221, 352 और 27 के तहत मुकद्दमा दर्ज कर लिया है, लेकिन अभी पुलिस की पकड़ में आरोपी नहीं आया है।**

## बिना फिटनेस के दौड़ रही थी स्कूल बसें

### परिवहन विभाग ने अभियान चलाकर 13 बसों के काटे चालान







**नोएडा ( चेतना मंच )।** परिवहन विभाग गौतमबुद्धनगर द्वारा इन दिनों स्कूल बसों की फिटनेस व अन्य दस्तावेजों की जांच के लिए अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान अनफिट बसों को जब्त किया जा रहा है तथा वैध दस्तावेज न मिलने पर उनके चालान किए जा रहे हैं।

परिवहन विभाग द्वारा चलाए गए अभियान के तहत सोमवार को बिना फिटनेस के चल रही दो बसों और बिना परमिट संचालित 3 बसों को ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क थाने में निरुद्ध किया गया। इसके साथ ही स्कूल बसों में नियमानुसार अग्निशमन यंत्र न होने तथा वैध प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र, वैध बीमा न होने पर 13 बसों का चालान किया गया।

शासन के निर्देश के अनुपालन में स्कूल बसों के विरूद्ध यह अभियान आगे भी चलता रहेगा।

अभियान में जनपद के सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) व यात्रीकर अधिकारियों द्वारा लगातार प्रवर्तन कार्यवाही की जा रही है। साथ ही विद्यार्थियों को भी सड़क सुरक्षा नियमों के अनुपालन के लिए जागरूक किया जा रहा है।



गौतमबुद्धनगर की पुलिस कमिश्नर श्रीमती लक्ष्मी सिंह ने सूरजपुर स्थित रिजर्व पुलिस लाइन का औचक निरीक्षण किया और पुलिस लाइन में किये गये इंतजामों के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली।

## सील की थी कम्पनी आग से हुई खाक

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा के सेक्टर-2 में एक बंद पड़ी कंपनी में सोमवार दोपहर आग लग गई। कंपनी को आठ महीने पहले नोएडा प्राधिकरण ने सील कर दिया था। दमकल की चार गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर अब काबू पा लिया है। किसी के घायल या हताहत होने की सूचना नहीं है। बंद कम्पनी में आग कैसे लगी इसकी जांच की जा रही है।

गौतमबुद्धनगर के सीएफओ प्रदीप चौबे ने बताया कि नोएडा प्राधिकरण ने सेक्टर-2 के बी ब्लॉक में स्थित एक कंपनी को 8 महीने पहले सील किया था। कंपनी में इलेक्ट्रिक प्रोडेक्ट बनाए जाते थे। कंपनी सील होने के बाद बिजली भी काट दी गई। साथ ही यहां कोई भी कर्मचारी काम नहीं करता था और न ही कोई गार्ड था।






## एमिटी में स्नातक और स्नातकोत्तर छात्रों का अकादमिक सत्र शुरू

**नोएडा (चेतना मंच)।** एमिटी विश्वविद्यालय में सौहार्द की परंपराओं और



संस्कृति को ध्यान में रखते हुए पवित्र हवन के साथ नया सत्र शुरू किया गया। एमिटी विश्वविद्यालय की वाइस चांसलर डा बलविंदर शुक्ला और एमिटी ग्रुप वाइस चांसलर डा गुरिंदर सिंह ने संस्थानों के निदेशकों, शिक्षकों और सेमेस्टर 3, 5, 7 और 9 के स्नातक और स्नातकोत्तर छात्रों के साथ हवन किया और दो दिवसीय ओरियंटेशन कार्यक्रम का प्रारंभ किया गया। एमिटी शिक्षण समूह के संस्थापक अध्यक्ष डा. अशोक कुमार चौहान ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि हर दिन प्रातः मैं ईश्वर से यही प्रार्थना करता हूं कि हमारे इस एमिटी परिवार पर कृपा बनाये रखे, सभी को स्वस्थ रखे और सद्बुद्धि दे। एमिटी में छात्रों को आधुनिक ज्ञान के साथ उनके कौशल को विकसित किया जाता है और उनमें मूल्यों को पोषित भी किया जाता है जिससे वे एक सफल व्यक्ति पहले बेहतरीन नागरिक बने। उन्होंनें छात्रों से कहा कि आप जीवन में जो भी उपलब्धियों को हासिल करना चाहते है उसके लिए आपकी हर संभव सहायता की जायेगी, मार्गदर्शन प्रदान किया जायेगा। हमें आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि आप जीवन में अवश्य सफल होगें।

एमिटी विश्वविद्यालय की वाइस चांसलर डा बलविंदर शुक्ला ने कहा कि यह ओरिंयटेशन कार्यक्रम सेमेस्टर 3, 5, 7 और 9 के छात्रों के लिए आयोजित किया गया है जो एमिटी के छात्र है और अपने नये सत्र को प्रारंभ कर रहे है। उन्होंने कहा कि संस्कृती, संस्कारों और परंपरा में विश्वास ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति है जो हमें आगे बढ़ने में सहायता करती है।

एमिटी विश्वविद्यालय में आयोजित इस हवन कार्यक्रम का लाइव वेबकास्ट भी किया ताकि जो छात्र और अभिभावक ऑनलाइन शामिल हो सकें। इस अवसर पर एमिटी लॉ स्कूल के चेयरमैन डा डी के बंद्योपाध्याय, एमिटी विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ मैनजमेंट स्टडीज के डीन डा संजीव बंसल, एमिटी विश्वविद्यालय की सपोर्ट स्टूडेंट और एकेडमिक अफेयर की डीन डा अल्पना कक्कड़ भी उपस्थित थी।